राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 177
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 23 मई 2025
मूल्य : 2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा में सीबीआई ने मांगी 9 बिल्डर प्रोजेक्ट की डिटेल

पेज 4 बांके बिहारी कॉरिडोर केस फिर सुप्रीम कोर्ट सुनेगा

पेज 6 पंजाब किंग्स की जीत के लिए प्रीति जिंटा ने खाटू श्याम के दरबार


## संक्षिप्त खबरें

### अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भूकम्प के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.8 तीव्रता दर्ज

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में शुक्रवार सुबह 1 बजकर 10 मिनट पर भूकम्प के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकम्प की 2.8 तीव्रता दर्ज की गई। भूकम्प का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अभी तक किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इससे पहले बुधवार को लद्दाख के लेह में 3.5 तीव्रता का भूकंप आया था। एनसीएस के अनुसार, झटके रात 11: 46 बजे जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आए।

### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधीक्षक के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया

दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड केस में तिहाड़ जेल अधीक्षक के खिलाफ गुरुवार को जमानती वारंट जारी किया है। जेल सुपरिटेंडेंट ने जेल में बंद बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर कोर्ट को जवाब नहीं दिया था। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने शोकॉज नोटिस के लिए अधिकारी को 29 मई को तलब किया है। यह आदेश जेम्स की उस याचिका पर आया है जिसमें उन्होंने जेल में उनके लिए सुरक्षा व्यवस्था पर 29 अगस्त 2019 की जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों पर फिर से विचार करने की मांग की थी।

# यूपी में तूफानी बारिश, 58 की मौत

## नोएडा में 21वीं मंजिल से ग्रिल गिरी, नानी-नाती की मौत



यूपी में तूफानी बारिश ने बुधवार रात जमकर कहर बरपाया। 24 घंटे में अलग-अलग हादसों में आप नेता, डॉक्टर और सिपाही समेत 58 लोगों की मौत हो गई। आप नेता बारिश से बचने के लिए बिल्डिंग की आड़ में खड़े थे, तभी दीवार ढह गई। मलबे में दबने से उनकी मौत हो गई। आप नेता मनीष की शादी सिर्फ 21 दिन पहले हुई थी। मौत की खबर सुनते ही पत्नी बेहोश हो गई।

24 घंटे में लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा समेत प्रदेश के 25 जिलों में बारिश हुई। मेरठ-बागपत में जमकर ओले गिरे। गोरखपुर में सबसे ज्यादा 74 मिमी बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया, जिला अस्पताल और कॉलोनियों में पानी घुस गया।

नोएडा में 80 किमी की स्पीड से हवा चली। पेड़, होर्डिंग और बिजली के खंभे उखड़ गए। ऐसा ही हाल मेरठ और एटा में भी देखने को मिला। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टिनशेड से महिला की गर्दन कट गई। वहीं, नोएडा में 21वीं मंजिल से नानी और नाती पर ग्रिल गिर गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। नानी की गर्दन कटकर अलग हो गई थी।

झांसी में आंधी से 100 तोतों की मौत हो गई। बदायूं में ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से घूर (कूड़े के ढेर) में आग लग गई। उस वक्त तेज आंधी चल रही थी। इसके चलते आग ने तीन गांवों को चपेट में ले लिया। घटना में 200 घर जलकर राख हो गए, जबकि 100 पशुओं की मौत हुई।

मौसम विभाग ने आज 39 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

### क्यों बदला मौसम?

लखनऊ के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार ने बताया- बंगाल की खाड़ी की नमी से मौसम बदला है। यूपी में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम एक्टिव हो रहा है। बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी लिए हुए पूर्वा हवा आ रही है।

इससे लू का असर कुछ जिलों में कम पड़ सकता है हालांकि, अगले 3-4 दिन बाद दोबारा तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस महीने के आखिरी तक पारा 47 डिग्री पार जाने का अनुमान है।

### मानसून के 4-5 दिनों में केरल पहुंचने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंच सकता है। हालांकि पूर्वानुमान 27 मई का है। ऐसा होता है तो यह 2009 के बाद समय से पहले पहुंचने वाला पहला मानसून होगा। 2009 में मानसून 23 मई को ही केरल में पहुंच गया था। विभाग के मुताबिक आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। वहीं, 17 सितंबर के आस-पास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से हट जाता है। मानसून पिछले साल 30 मई को केरल में पहुंचा था।

# जासूसी मामले में ज्योति की रिमांड 4 दिन बढ़ी



**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। इसके बाद हिसार पुलिस को ज्योति की 4 दिन की रिमांड और मिल गई।

पेशी के बाद ज्योति को मीडिया की नजरों से बचाने के लिए पुलिस फिल्मी स्टाइल में उसे बाहर ले गई। पुलिस ने पहले काले शीशों वाली स्कॉर्पियो मंगाई, फिर कोर्ट का मेन गेट बंद करा दिया।

इसके बाद ज्योति को उसमें बिठाने के बाद पुलिस वहां से रवाना हो गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी। इसके बाद 5 दिन तक रिमांड पर रहते हुए हिसार पुलिस के अलावा एनआईए, मिलिट्री इंटेलिजेंस, आईबी और अन्य खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की है। एनआईए सोर्सेज के मुताबिक, पहलगाम आतंकी हमले में ज्योति की भूमिका की जांच की जा रही है। पहलगाम हमले से पहले और उसके बाद वह किन-किन लोगों के संपर्क में रही? किस-किस से बात की? इसे लेकर उसके मोबाइल खंगाले जा रहे हैं। इसके बाद एनआईए उसे पहलगाम भी ले जा सकती है।

## मुआवजे की मांग



अमृतसर में किसानों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। वे कर्ज माफी और हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# हरियाणा में ढाई साल बाद कोरोना के 3 मरीज मिले

**फरीदाबाद/गुरुग्राम।** हरियाणा में ढाई साल बाद कोरोना के 3 मरीज मिले हैं। उनके कोरोना पॉजिटिव होने का पता चलते ही सेहत विभाग में हड़कंप मच गया। तुरंत टीमें उनके घर पहुंची।

तीनों मरीजों को घर में ही आइसोलेशन में रख दिया गया है। परिवार को संक्रमण न हुआ हो, इसके लिए घर के दूसरे सदस्यों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

नए केस मिलने के बाद सेहत विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। सेहत अधिकारियों के मुताबिक गुरुग्राम में महिला और बुजुर्ग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

इनमें महिला मुंबई घूमकर आई थी, जबकि बुजुर्ग की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। वहीं फरीदाबाद में 28 साल का युवक सिक्योरिटी गार्ड है। बुखार और खांसी की शिकायत के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। जहां कोरोना का पता चला।

# वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**दलील- वक्फ अल्लाह के लिए दान; सीजेआई बोले- यह इस्लाम तक सीमित नहीं, हिंदुओं में भी मोक्ष की अवधारणा**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देनी वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई खत्म हुई। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है। याचिकाकर्ताओं ने कानून को मुसलमानों के अधिकारों के खिलाफ बताया और अंतरिम रोक लगाने की मांग की। उधर, केंद्र सरकार ने कानून के पक्ष में दलीलें रखीं। आखिरी दिन बहस सरकार की उस दलील के आसपास रही, जिसमें कहा कि गया कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

इसलिए यह मौलिक अधिकार नहीं है। वक्फ को इस्लाम से अलग एक परोपकारी दान के रूप में देखा जाए या इसे धर्म का अभिन्न हिस्सा माना जाए। इस पर याचिकार्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, परलोक के लिए.... वक्फ ईश्वर को समर्पण है। अ न्य धर्मों के विपरीत, वक्फ ईश्वर के लिए दान है। तभी सीजेआई बीआर गवई ने कहा, धार्मिक दान केवल इस्लाम तक सीमित नहीं है।

हिंदू धर्म में भी मोक्ष की अवधारणा है। दान अन्य धर्मों का भी मूल सिद्धांत है। तभी जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने भी सहमति जताते हुए कहा, ईसाई धर्म में भी स्वर्ग की चाह होती है।

वक्फ (संशोधन) कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है।



# सीबीआई ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पर कसा शिकंजा

## 2200 करोड़ की गड़बड़ी में फंसे, चार्जशीट दाखिल; 5 अन्य लोगों के भी नाम



नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी।

दरअसल, सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते 300 करोड़ की रिश्वत ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया।

इसके बाद सीबीआई ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के कहने पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे।

चार्जशीट दाखिल होने के बाद सत्यपाल मलिक ने सोशल मीडिया पर कहा कि वो अस्पताल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि उन्हें शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, लेकिन वो जवाब नहीं दे पा रहे।



## हैप्पी मॉर्निंग

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था। डॉक्टर - तो इससे क्या? पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया। पिता की बात सुनकर डॉक्टर रह गया हैरान



## शायरी

पानी की तरह बहती है दौलत
चुनाव में
यक-जेहती का तो नाम नहीं
रख-रखाव में

## अर्थसार




## मौसम



अधिकतम : 37 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 5 : 27
सूर्यास्त शुक्रवार : 7 : 11

# प्रतापगढ़ में चार दलित बहनों की मौत

### बकुलाही नदी में 15 फीट के गड्ढे में डूबीं, चूल्हे के लिए मिट्टी लेने गई थीं

**लालगंज।** प्रतापगढ़ में गुरुवार को तीन सगी बहनें और पड़ोस की एक लड़की की नदी में डूबने से मौत होगई। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब चारों बच्चियां घर में चूल्हा और दीवारों पर लेप लगाने के लिए नदी किनारे से मिट्टी निकालने गई थीं ।घटना कुंडा कोतवाली क्षेत्र के चेती सिंह का पुरवा गांव की है।

जीतलाल की तीन बेटियां स्वाती (13), संध्या (11), और चांदनी (6) अपने पड़ोस की दोस्त प्रियांशी (7) पुत्री पृथ्वीपाल के साथ नदी के किनारे मिट्टी लेने के लिए गई थीं। बारिश की वजह से नदी किनारे काफी फिसलन थी। जिससे बच्चियां फिसलकर गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं।

चारों को डूबता देख उनके साथ गई एक अन्य बच्ची ने शोर मचाया, जिस पर गांव के लोग दौड़े और किसी तरह चारों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। परिजन शव को लेकर घर आए और घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही महेशगंज और कुंडा कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद डीएम-एसडीएम और क्षेत्राधिकारी करिश्मा गुप्ता भी मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार अजय सिंह भी राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

डीएम-एसपी और एसडीएम ने नदी पर जाकर निरीक्षण किया। वहां नदी की गहराई भी नापी जो करीब 15 फीट है। पुलिस ने बच्चियों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### ग्रामीणों का आरोप- जेसीबी से नदी की मिट्टी बेचने के लिए खोदी जाती है

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कुछ लोग जेसीबी से नदी की मिट्टी बेचने के लिए खुदवाई थी। इससे लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से मिट्टी की अवैध खुदाई कराई गई थी, जिससे नदी में गहरे गड्ढे बन गए थे। इन्हीं गड्ढों की वजह से बच्चियां गहरे पानी में चली गईं और हादसे की शिकार हो गईं।

# वाराणसी में एटीएस ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

## पाकिस्तानी सेना के अफसर की पत्नी का खास, मोबाइल में 600 फोन नंबर मिले




**वाराणसी।** यूपी एटीएस ने गुरुवार को वाराणसी से पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार किया। वह पाकिस्तानी सेना के एक अफसर की पत्नी से 4 महीने तक संपर्क में रहा। तुफैल वाराणसी में नवापुरा, आदमपुरा का रहने वाला है। छानबीन में सामने आया है कि तुफैल ने पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर किए थे। साथ ही, 'गजवा-ए-हिंद' करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने और भारत में शरीयत लागू करने से जुड़े मैसेज शेयर किए थे।

### बातचीत-आतंकवाद साथ नहीं हो सकते

नई दिल्ली/श्रीनगर। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का बयान आया। वीकली प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध द्विपक्षीय होना चाहिए, बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। तुर्किये पर विदेश मंत्रालय ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि तुर्किये, पाकिस्तान से कहेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर ही बनते हैं। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और एयरफोर्स को निर्देश दिया कि ऑपरेशन बालाकोट और सिंदूर में शामिल रहीं एक महिला अफसर को न छोड़ें।

## गैलेंट्री अवॉर्ड्स

### राष्ट्रपति ने 6 कीर्ति चक्र, 33 शौर्य चक्र दिए; डाइस से उतरीं, शहीदों की मांओं को गले लगाया

# बहादुरी-बलिदान के लिए जवानों को मिले गैलेंट्री अवॉर्ड्स

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवॉर्ड्स दिए। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए। राष्ट्रपति ने 6 कीर्ति चक्र प्रदान किए। इनमें 4 मरणोपरांत दिए गए। इस दौरान 33 शौर्य चक्र भी प्रदान किए गए। इनमें 7 मरणोपरांत दिए गए।

कीर्ति चक्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे।



इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फेंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवॉर्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी।

### राष्ट्रपति ने कीर्ति चक्र और शौय चक्र दिए

शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया।

लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, AEO INS विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

# संपादकीय

## दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती गर्मी: खतरे की घंटी

दिल्ली-एनसीआर में गर्मी का प्रकोप हर साल बढ़ता जा रहा है, और यह न केवल असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि एक गंभीर खतरे की घंटी भी बजा रहा है। मई 2025 में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है, और फील्स लाइक तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक है। यह स्थिति जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, और पर्यावरणीय उपेक्षा का परिणाम है, जो दिल्ली-एनसीआर के निवासियों के लिए गंभीर चुनौतियां प्रस्तुत कर रही है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

गर्मी की तीव्रता का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन ने वैश्विक तापमान में वृद्धि की है, जिसका असर दिल्ली जैसे शहरी क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई देता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के प्रोफेसर कृष्ण अच्युत राव के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग के कारण गर्मी की लहरों की आवृत्ति, तीव्रता, और अवधि बढ़ रही है। उच्च आर्द्रता के साथ संयुक्त गर्मी मानव शरीर के लिए और भी घातक हो जाती है, क्योंकि यह पसीने के माध्यम से शरीर को ठंडा होने से रोकती है। इससे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, और थकान जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, खासकर बच्चों, बुजुर्गों, और पहले से बीमार लोगों में।

दिल्ली-एनसीआर में शहरीकरण भी इस समस्या को बढ़ा रहा है। कंक्रीट के जंगल, वाहनों की बढ़ती संख्या, और हरित क्षेत्रों का अभाव तापमान को और बढ़ा रहा है। शहरी गर्मी द्वीप प्रभाव के कारण शहर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक गर्म हो रहे हैं। इसके अलावा, बिजली की मांग में भारी वृद्धि हो रही है, जो ऊर्जा संसाधनों पर दबाव डाल रही है। उदाहरण के लिए, अप्रैल 2025 में दिल्ली में बिजली की मांग 5462 मेगावॉट तक पहुंच गई, जो एक रिकॉर्ड है। यह बढ़ती मांग न केवल बिजली आपूर्ति पर दबाव डालती है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को भी बढ़ाती है, जो जलवायु परिवर्तन को और बढ़ावा देता है।

स्वास्थ्य पर गर्मी का प्रभाव चिंताजनक है। डॉ. सुनील राणा, एशियन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ, सलाह देते हैं कि हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए लोग धूप में कम निकलें, हल्के और सूती कपड़े पहनें, और खूब पानी, छाछ, नारियल पानी, और मौसमी फल जैसे तरबूज, खीरा, और आम पन्ना का सेवन करें। विशेष रूप से बुजुर्गों और बच्चों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण जैसे चक्कर आना, कमजोरी, और सिरदर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा, गर्मी का असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है। पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा छा गया है, क्योंकि लोग दोपहर की चिलचिलाती धूप में बाहर निकलने से बच रहे हैं। बाजारों में एयर कंडीशनर और कूलर की मांग बढ़ गई है, जिससे आर्थिक दबाव भी बढ़ रहा है। साथ ही, गर्मी के कारण कामकाजी लोगों की उत्पादकता पर असर पड़ रहा है, खासकर उन श्रमिकों पर जो बाहर काम करते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है। अल्पकालिक उपायों में लोगों को जागरूक करना, पानी की उपलब्धता बढ़ाना, और सार्वजनिक स्थानों पर छायादार क्षेत्र और ठंडे पानी के स्टेशन स्थापित करना शामिल है। दीर्घकालिक उपायों में हरित क्षेत्रों को बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहन देना, और शहरी नियोजन में सुधार करना आवश्यक है। दिल्ली में वायु प्रदूषण की पुरानी समस्या को देखते हुए, प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को और सख्त करना होगा।


अंत में, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती गर्मी केवल एक मौसमी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक संकट है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थिति और भयावह हो सकती है। हमें व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि हमारा शहर न केवल रहने योग्य बना रहे, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित हो।

## लोकलाज के बिना अधूरा ही है लोकराज

जनतंत्र का एक नाम लोकराज भी है। समाजवादी विचारक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया कहा करते थे, 'लोकराज लोकलाज से चलता है।' अर्थात ्‌ कुछ मर्यादा है जनतांत्रिक व्यवस्था की जिनका पालन उन सबको करना चाहिए जो इस व्यवस्था को जीते हैं। इन मर्यादाओं में एक महत्वपूर्ण स्थान उस भाषा का है जो हमारे राजनेता काम में लेते हैं। संसद से लेकर सड़क तक आज जो भाषा हमारी राजनीति को परिभाषित कर रही है, वह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि हमारे राजनेता या तो ऐसी किसी मर्यादा को जानते नहीं हैं, या फिर उसे मानना नहीं चाहते। दोनों ही स्थितियां चिंताजनक हैं। मर्यादाओं का जानना ज़रूरी है और उनका पालन करना भी। दुर्भाग्य से यह दोनों काम नहीं हो रहे। भाषा का सीधा रिश्ता व्यक्ति की सोच से है। जैसी आपकी सोच होगी, वैसे ही भाषा भी होगी। इसलिए जब हमारा कोई नेता घटिया भाषा बोलता है तो निश्चित रूप से उसकी सोच भी उतनी ही घटिया होती है। चिंता की बात तो यह है कि हमारे नेताओं को अपनी घटिया सोच की कोई चिंता नहीं दिखती। उन्हें यह लगता ही नहीं कि वह कुछ ग़लत कर रहे हैं। ऐसे में उनसे किसी प्रकार की लोकलाज की अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है? अभी हाल में कांग्रेस के एक बड़े नेता प्रधानमंत्री के लिए तू-तड़ाक की भाषा में बात कर रहे थे। प्रधानमंत्री के संदर्भ में वह कहना चाहते थे कि 'उन्हें इस बात का पता नहीं है', पर उन्हें की जगह उसे कहने में नेताजी को तनिक भी संकोच नहीं हो रहा था। दूसरी तरफ भाजपा के एक सांसद कांग्रेस के इन बड़े नेताजी के संदर्भ में कह रहे थे कि प्रधानमंत्री की तुलना में वह नाली के कीड़े के समान है। यह एक उदाहरण ही इस बात को समझने के लिए पर्याप्त है कि हमारे नेताओं की एक-दूसरे के प्रति सोच कैसी है और हमारी राजनीति का स्तर कितना छोटा होता जा रहा है! यह हमारे नेताओं के बौने होते जाने का उदाहरण भी है और हमारी राजनीति के घटिया स्तर का भी। अपने राजनीतिक विरोधी की आलोचना करना कतई गलत नहीं है, पर आलोचना और गाली-गलौज में अंतर होता है। लगता है इस अंतर को हमारे नेताओं ने भुला दिया है या फिर याद रखना नहीं चाहते। आज घटिया भाषा हमारी राजनीति का 'नया सामान्य' बन चुकी है। इन नेताओं में प्रतियोगिता इस बात की चल रही है कि लोकलाज की दृष्टि से कौन कितना घटिया है। हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे 'संघर्ष' (युद्ध ही कहना चाहिए इसे) के दौरान हमारी सेनाओं ने जनता को इसकी जानकारी देने के लिए सेना की दो महिला अफसरों को नियुक्त किया था। इनमें से एक महिला मुसलमान थी और यह अनायास नहीं हुआ था। बहुत सोच-समझकर इस महिला सैन्य-अधिकारी को यह काम सौंपा गया था। एक अच्छा उदाहरण था यह इस बात का इस देश का हर नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो, आतंकवाद के, और विदेशी हमले के खिलाफ, पहले भारतीय है। लेकिन मध्य प्रदेश के एक मंत्री ऐसा नहीं मानते, इस महिला अधिकारी के लिए उन्होंने जिन शब्दों का उपयोग किया वह कोई भी सभ्य व्यक्ति नहीं करना चाहेगा। लेकिन हमने देखा कि संसद में भी हमारे सांसदों को एक-दूसरे के प्रति घटिया भाषा का इस्तेमाल करने में कोई संकोच नहीं होता। हैरानी की बात तो यह है कि जब एक सांसद महोदय सदन में घटिया भाषा में बोल रहे थे तो वहां उपस्थित पार्टी के बड़े नेताओं में से किसी ने भी उन्हें रोकने की आवश्यकता अनुभव नहीं की!

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

ललित गर्ग



भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं।

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?


न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है। राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3538



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो -3537 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज (चोर से) - तुम्हारी जेब में जो कुछ है, उसे निकालकर मेज पर रख दो.
चोर (जज से)- यह तो सरासर नाइंसाफी है हुजूर. माल का आधा-आधा होना चाहिए.

□ □ □

बबलू (मम्मी से) - मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो.
मम्मी (बबलू से) - बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
बबलू (मम्मी से) - क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है.

□ □ □

युवा फिल्म अभिनेता (प्रेमिका से)- आज तक मुझसे शादी के सैकड़ों निवेदन किए जा चुके हैं.
प्रेमिका (अभिनेता से)- अच्छा, किस-किस ने निवेदन किया?
अभिनेता (प्रेमिका से) - 'मेरे मम्मी और डैडी ने.' अभिनेता मुस्कराते हुए बोला.

□ □ □

एक छाताधारी सैनिक से उनके अफसर ने पूछा, 'तुमने कितनी बार हवाई जहाज से छलांग लगाई है.'
'केवल एक बार.' सैनिक ने कहा.
'लेकिन तुम्हारे सर्विस रिकार्ड मे तो पन्द्रह बार लिखा हुआ है.'
'शेष चौदह बार तो मुझे धकेला गया था.' सैनिक ने कहा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3538



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3537



## सूडोकु -3538


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3537 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3538




**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -3537 का हल



# नोएडा में सीबीआई ने मांगी 9 बिल्डर प्रोजेक्ट की डिटेल

## सबवेंशन स्कीम के तहत किया घोटाला, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चल रही जांच

**नोएडा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम सबवेंशन स्कीम घोटाले में नौ बिल्डरों की डिटेल जानकारी प्राधिकरण से मांगी है। जिन बिल्डरों की जानकारी मांगी है वो सभी नोएडा और ग्रेटरनोएडा के नामचीन बिल्डर है। इन बिल्डरों ने ही बैंकों के साथ मिलकर बायर्स को लोन दिलाया और पैसा अन्य योजनाओं में डायवर्ट किया। न तो बैंक में किस्त जमा की और न ही ब्याज। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई बिल्डरों और बैंकों के गठजोड़ की जांच कर रही है। कोर्ट ने 29 अप्रैल को सीबीआई जांच का आदेश देते हुए प्राधिकरणों को कहा था कि वह सीबीआई को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अपने यहां नोडल अधिकारी की नियुक्ति करे। कोर्ट के आदेश आने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने अकाउंट अधिकारी संजीव दत्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

### सीबीआई ने इन भूखंडों की फाइल मांगी

सुपरटेक लिमिटेड जीएच01/ए सेक्टर-74 नोएडा
लॉजिक्स सिटी डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड जीएच-02 सेक्टर-143 नोएडा
नैक्सजेन इंफ्रा कॉन प्राइवेट लिमिटेड जीएच 01/ए सेक्टर-78
इम्प्लेक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड एससी01/बी-4 सेक्टर-150 नोएडा
आईवीआर प्राइम डवलपर्स जीएच-01 सेक्टर-118
जेपी ग्रीन इंफ्राटेक लिमिटेड जेपी ग्रीन्स ऑचर्ड बी-11 सेक्टर-131 नोएडा
शुभकामना बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड जीएच-05 /बी सेक्टर-137
सिक्कल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड एससी-01/ए-1 सेक्टर-79
लॉजिक्स हाइटस प्राइवेट लिमिटेड एससी-01/ए-3 सेक्टर-150




### प्राधिकरण ने दी जानकारी

इन नौ बिल्डर और प्रोजेक्ट से संबंधित स्वीकृत पत्र, ले आउट प्लान, बकाया, रजिस्ट्री , के अलावा इनके को डेवलपर्स की जानकारी भी मांगी गई है। जिसे प्राधिकरण फाइल के रूप में सीबीआई को दे रहा है। बता दे इससे पहले प्राधिकरण स्पोर्टस सिटी से संबंधित सभी प्रकार की फाइलिंग जानकारी सीबीआई को दे चुका है।

### बिल्डर 2014 में लाए थे सबवेंशन स्कीम

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सब वेंशन स्कीम के तहत लाई गई ग्रुप हाउसिंग योजनाओं की शुरुआत वर्ष 2014 के आसपास हुई थी। योजना में धांधली के लिए कुछ बिल्डरों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से लोन पास कराए। बैंकों ने बिना मूल्यांकन और निरीक्षण के रकम जारी कर दी। अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर और बैंक के बीच अघोषित समझौते के तहत बैंकों ने बिल्डरों को लोन की पूरी राशि दे दी। शर्तों के तहत फ्लैट का कब्जा मिलने तक बिल्डर को ही ईएमआई का भुगतान करना था, लेकिन कुछ समय बाद बिल्डरों ने ईएमआई देनी बंद कर दी और खरीदारों को फ्लैट भी नहीं दिए। इससे खरीदारों पर ईएमआई का बोझ आ गया और बड़ी संख्या में खरीदार डिफॉल्टर हो गए।
कुछ वर्षों बाद इन योजनाओं को लाने वाले अधिकांश बिल्डर दिवालिया हो गए।

### 40 परियोजनाओं के बायर्स हुए डिफाल्टर

नोएडा-ग्रेनो समेत एनसीआर की करीब 40 परियोजनाओं में हजारों फ्लैट खरीदार फंसे हुए हैं। सीबीआई स्पोर्ट्स सिटी मामले की भी जांच कर रही सीबीआई नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी घोटाले की भी जांच कर रही है। बीते एक महीने में तीन-चार बार सीबीआई की टीम प्राधिकरण के दफ्तर आ चुकी है। टीम ने स्पोर्ट्स सिटी की सेक्टर-78, 79, 150 और 152 में आवंटित हुए भूखंडों की भी मौके पर जाकर जांच की। सीबीआई इन जगहों का ड्रोन से भी सर्वे कर चुकी है।

# नोएडा की सोसाइटी में 21वीं मंजिल से गिरी ग्रिल

## नानी और 2 साल के मासूम नाती की मौत, निवासियों ने किया प्रदर्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसाइटी में बुधवार को आंधी-तूफान के दौरान 21वीं मंजिल से गिरी भारी ग्रिल ने दो लोगों की जान ले ली। घटना उस समय हुई, जब सुनीता(50) अपने नाती(2) को पार्क से घर ला रही थीं। वो जैसे ही अपने फ्लैट के नीचे पहुंचीं, ऊपर की 21वीं मंजिल से भारी ग्रिल गिर गई। हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
घटना के बाद सोसाइटी के निवासियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।



उन्होंने सोसाइटी के दोनों गेट बंद कर दिए और सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। निवासियों का आरोप है कि बिल्डिंग जर्जर हालत में है और ऐसी घटनाएं आए दिन होती हैं। स्थानीय लोगों ने बिल्डर और मेंटेनेंस विभाग के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# दनकौर के किसान इंटर कॉलेज में बनेगा इनडोर स्टेडियम

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित किसान इंटर कॉलेज में गुरुवार को रालोद अध्यक्ष और केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दौरा किया। उन्होंने कॉलेज में 2 करोड़ रुपए की लागत से इनडोर स्टेडियम बनवाने की घोषणा की। जयंत चौधरी हाथरस से यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। एक्सप्रेसवे से उतरते समय रालोद जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कॉलेज पहुंचने पर जयंत ने स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। जयंत ने बताया कि दनकौर से उनके दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का पुराना नाता रहा है।

# अवैध विला निर्माण पर कार्रवाई



## वैदपुरा में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन से अतिक्रमण हटाया, 5 जेसीबी मशीनें लगाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वैदपुरा गांव में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने खसरा संख्या 279 की करीब 20,000 वर्ग मीटर जमीन से अतिक्रमण हटाया। कालोनाइजर यहां बिना अनुमति के विला बनाने की कोशिश कर रहे थे। एसडीएम जितेंद्र गौतम और महाप्रबंधक पीपी सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम ने 5 जेसीबी और 3 डंपर की मदद से तीन घंटे में अतिक्रमण हटाया। प्राधिकरण ने पहले कई बार नोटिस जारी किए थे, लेकिन कालोनाइजर चोरी-छिपे निर्माण करते रहे। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि वैदपुरा अधिसूचित क्षेत्र में आता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क करें। सीईओ एनजी रवि कुमार ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई में वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, नरोत्तम सिंह, स्वतंत्र वर्मा, बृजेन्द्र कुमार कुशवाहा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ओएसडी गुंजा सिंह ने भी कार्रवाई का जायजा लिया।

# नोएडा में शेयर ट्रेडिंग का मुनाफा दिखा ठगे 20 लाख

## 6 बार में रकम की गई ट्रांसफर, ठगी के लिए टेलीग्राम से ग्रुप से जोड़ा गया

नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा मुनाफे कमाने का झांसा देकर निजी संस्थान की अध्यापिका के साथ 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। करीब छह खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई गई। ठगों ने महिला पर जब और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया तो उसने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी समेत चार धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा के बीटा टू निवासी श्वेता राय ने बताया कि इसी साल 25 फरवरी को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने शेयर मार्केट विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बताई और महिला को झांसे में लेकर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी देने लगा। पीड़िता को ठग ने एफएक्सरॉक्ड नाम का एक अप्लीकेशन डाउनलोड करवाया और टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ लिया। इसके बाद महिला को बताया गया कि अकाउंट मैनेजर अब निवेश संबंधी पूरे मामले को देखेंगे।
किस कंपनी में कैसे निवेश करके ज्यादा मुनाफा कमाना है, इसकी भी जानकारी उनकी ओर से ही दी जाएगी। फिर महिला को एक ईमेल भेजा गया, जिसमें 200 यूएसडी के बदले 19 हजार रुपए मुनाफे की रकम बताई गई। महिला ने जब निवेश किया तो उसे कुछ मुनाफा भी मिला।

# नोएडा में बुजुर्ग महिला का सिर धड़ से अलग हुआ

## आंधी तूफान में 100 से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त, 250 से ज्यादा पेड़ गिरे

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में बुधवार रात अचानक आई आंधी और बारिश आफत बन गई। ग्रेटर नोएडा की मिग्सन अल्टीमो सोसाइटी में रेलिंग गिरने से एक बुजुर्ग महिला का सिर धड़ से अलग हो गया।
जबकि उनकी नाती गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी टाउनशिप में तेज आंधी-तूफान के दौरान एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। ओमीक्रॉन 3 स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसाइटी के टावर सन-4 में जितेंद्र अपने परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार रात उनकी 50 साल की सांस सुनीता अपने दो साल के नाती के साथ सोसाइटी में टहल रही थी। आंधी आने पर वह टावर के अंदर की तरफ दौड़ कर जा रही थी। तभी 22वीं मंजिल पर



रखी रेलिंग उनके ऊपर आ गिरी। इससे उनकी गर्दन धड़ से अलग हो गई, जबकि दो साल के अद्विक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वहीं 48 साल रामकिशन चौधरी शाम को वॉक पर निकले थे, तभी अचानक आए तेज तूफान में एक विशाल पेड़ उनके ऊपर गिर गया। इससे उनकी मौत हो गई।

नोएडा में निर्माणाधीन दीवार गिरने और सेक्टर-19 में पोल टूटकर गिरने से तीन लोग घायल हो गए। वहीं, नोएडा के सेक्टर-43 के पास खजूर कॉलोनी में निर्माणाधीन दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया।
शहर की बिजली व्यवस्था को सामान्य करने के लिए कर्मचारी और अभियंता रातभर लगे रहे आंधी में 250 से अधिक पेड़ और बिजली खंभों के साथ ट्रांसमिशन लाइन का निर्माणाधीन टावर भी गिर गया।

### 100 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हुए

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे समेत 50 से अधिक स्थानों पर पोल और होर्डिंग्स गिरे। पेड़ और बिजली के खंभे सड़कों पर गिरने से यातायात ठप हो गया। 100 से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर परी चौक की ओर जाते समय दिशात्मक सूचना देने से संबंधित एक बड़ा पोल गिर गया। पोल गिरने से सड़क का आधे से अधिक हिस्सा बिल्कुल बंद हो गया। इससे नोएडा से ग्रेनो की ओर जाने वाले रास्ते पर वाहन चालकों को लंबे जाम में फंसना पड़ा। एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-125 के सामने भी एक होर्डिंग गिरने से जाम लगा।

# नोएडा में 10 लाख के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

## 51 किलो बरामद किया गया गांजा, ट्रेन के जरिए उड़ीसा और विशाखापट्नम से करते थे तस्करी

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 51 किलों गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी जा रही है।
उड़ीसा और विशाखापट्नम से गांजा ट्रेन के जरिए एनसीआर लाते थे। यहां कार और लोकल सप्लायर को ये गांजा देते थे।
मादकता बढ़ाने के लिए गांजा में केमिकल का यूज करते थे। वॉट्सऐप चेट मिली है। जिसमें लोकल सप्लायर की डिटेल मिली है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।
डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गांजा तस्करों की पहचान जयंत और रंजन हुई है। ये दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। दोनों को ककराला से पास से गिरफ्तार किया गया।
तीन से चार महीनों से एनसीआर में सक्रिय है। इनके एरिया कॉलेज , पीजी



और आसपास के एरिया है। जहां लोकल सप्लायर और खुद कार से गांजा की सप्लाई करते है।
डीसीपी ने बताया कि कुछ समय पहले ही ट्रेन से गांजा सप्लाई करने वाले गांजा तस्करों को पकड़ा था। जिनके मोबाइल से इनके नंबर मिले थे। जिनको ट्रैक किया गया और पकड़ा गया।
ये लोग विशाखापट्नम और उड़ीसा से गांजा ट्रेन में लाते थे। ऊपर से सामान रखते थे और बीच में गांजा होता था। ताकि कोई शक नहीं करे। इसके बाद दिल्ली से पहले किसी भी स्टेशन पर उतरकर ये लोग दिल्ली एनसीआर में अपने लोकल सप्लायर से मिलकर उनको सप्लाई के लिए गांजा देते है। इनके मोबाइल से भी काफी नंबर मिले है। जिसमे गांजा खरीदने वाले भी शामिल है। जिनकी गिरफ्तारी भी जाएगी।

### वॉट्सऐप पर करते थे बातचीत

कॉल रिकार्ड और ट्रैस न हो इसके लिए दोनों हमेशा वॉट्सऐप कॉल पर बात करते है। इसके अलावा एक स्थान पर नहीं रहते थे। हर बार अपनी लोकेशन बदलते थे। ये गांजा एक साथ नहीं रखते है।
थोड़ा थोड़ा करके गांजा अलग-अलग लोकेशन पर रखते है। डिमांड आने र गांजा सप्लायर को दिया जाता है। उससे पैसा लिया जाता है। ये ऑनलाइन ऑन डिमांड भी गांजा सप्लाय करते है।

### पुलिस खंगाल रही रिकार्ड

पुलिस इनका रिकार्ड खंगाल रही है। इनके और भी साथी हो सकते है। जिनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा उन लोकेशन को देखा जा रहा है जहां ये गांजा की सप्लाई किया करते है।

# नोएडा में तीन ट्रैक्टर चोर गिरफ्तार

## जेल में रहकर करते थे प्लानिंग बाहर आते ही चोरी, 50 हजार में बेचते थे ट्रैक्टर

**नोएडा।** जेल में रहकर प्लानिंग की। बाहर आते ही चोरी की घटना करने वाले तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए तीन ट्रैक्टर बरामद किए गए। ये तीनों कार से रेकी करते थे। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरी किए गए ट्रैक्टर का चैचिस नंबर बदलकर छाता में बेचते थे।
एक ट्रैक्टर करीब 50 हजार रुपए में बेचते थे। इन पैसों का प्रयोग मौजमस्ती के लिए करते थे।
डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि गैंग का सरगना दीपक उर्फ दीपा है। इसे अपने दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्य दो की पहचान सुनील कश्यप और सर्वेश हुई है। तीनों मिलकर पहले अपनी पारिवारिक कार से रैकी करते थे। इसके बाद चोरी की घटना करते थे। ट्रैक्टर चोरी करने के बाद उसका चेचिस नंबर बदलते थे और बेचते थे। इन तीनों के अन्य साथी भी है। जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। ये सारी योजना जेल में रहकर ही बनाई थी।

### लगातार कर रहे चोरी

डीसीपी ने बताया कि विगत कई महीनों से लगातार ट्रैक्टर चोरी की शिकायत मिल रही थी। एक ही पैटर्न दिखने पर लगा कि ये किसी एक गैंग का काम है। इसमें सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। जिसके बाद सबसे पहले दीपक को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद बाकी दोनों साथियों को पकड़ा गया। रिकार्ड से पता चला कि एक के बाद एक चोरी कर रहे थे।
इसमें दीपक पर चोरी के मामले में आगरा और फिरोजाबाद में भी मुकदमा दर्ज है। इसकी डिटेल अन्य जनपद में भेजी है। वहां से जानकारी आ रही है। बताया गया कि इस पर दर्जनों मुकदमे दर्ज है। इसके बाकी साथियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

### नोएडा स्टेडियम में सीरिंज और एंटी एलर्जिक दवा मिलीं

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम में एक दर्जन से अधिक सीरिंज और एंटी एलर्जिक इंजेक्शन के वायल मिले। संभवत- इनका इस्तेमाल नशे के लिए किया गया होगा। इस बारे में प्राधिकरण के अधिकारी कुछ भी नहीं बोल रहे। स्टेडियम के बाहर स्थित डॉली पेट्रोल पंप और क्रिकेट स्टेडियम के पीछे के हिस्से में फेनिरामाइन इंजेक्शन के वायल मिले। इसी के आसपास सीरिंज भी फेंकी मिलीं। क्रिकेट स्टेडियम के पीछे पीपल के पेड़ के पास शराब की कई बोतलें मिलीं। इस स्थान पर सुबह और शाम कई लोग आकर टहलते हैं। ऐसे में सीरिंज की निडिल चुभने से लोगों को संक्रमण का खतरा हो सकता है।स्टेडियम में सीरिंज और एलर्जी के इलाज में इस्तेमाल आने वाला इंजेक्शन (दवा) को स्टेडियम में लाना नशेड़ियों का काम हो सकता है, क्योंकि ऐसे लोगों द्वारा एलर्जी की दवा का उपयोग नशे के लिए किया जाता रहा है। सेक्टर-12 के रोहित बताते हैं कि मैं प्रतिदिन यहां व्यायाम और योग करने आता हूं। अंधेरा होते ही पेड़ों की आड़ में लोग गांजा पीते हैं। जिले के एक पूर्व ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि फेनिरामाइन इंजेक्शन सभी तरह की एलर्जी के इलाज में काम आता है। यह इंजेक्शन डॉक्टर के पर्चे पर मिलने वाली दवा है।

### खुदकुशी का पोस्ट करने वाली युवती को बचाया

**नोएडा।** फेज-2 थाने की पुलिस ने बुधवार शाम मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी करने की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने वाली युवती को समय रहते बचा लिया। पुलिस टीम ने उसकी काउंसलिंग कराई तो युवती ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। एक ही सप्ताह में इस तरह का यह दूसरा मामला है। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर-129 निवासी युवती इंग्लिश ऑनर्स की छात्रा है। उसने बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वीडियो में वह मेट्रो के आगे कूदकर जान देने की बात कर रही थी।लखनऊ स्थित सोशल मीडिया के मुख्यालय से इस बारे में सूचना मिली। सूचना के बाद युवती के मोबाइल की लोकेशन के आधार पर फेज-2 थाने की पुलिस सक्रिय हो गई। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने पहले आसपास के मेट्रो स्टेशन को चेक किया और इसके बाद वह डिटेल के अनुसार छात्रा के घर पहुंची। जहां वह अपने कमरे में थी। पुलिस के अनुसार छात्रा किसी निजी कारण से परेशान थी। इसके चलते उसने पोस्ट डाला था। समय पर पहुंच कार्रवाई करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

### भूखंड योजना में 40 हजार से ज्यादा लोगों ने किया आवेदन

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना में 200 मीटर के भूखंडों के लिए अब तक 54,319 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 40,550 लोगों ने पंजीकरण शुल्क जमा कर अपनी गंभीरता दिखाई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि योजना के प्रति लोगों की रुचि यह दर्शाती है कि क्षेत्र में निवेश और आवास की अपार संभावनाएं हैं। इससे पहले आई योजना में दो लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन इस बार भी संख्या कम होते हुए भी भूखंडों को लेकर उत्साह बना हुआ है, जिससे लॉटरी प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।यीडा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना को पारदर्शी और सुगम तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और अन्य बड़े प्रोजेक्ट्स के चलते यमुना क्षेत्र में रियल एस्टेट की संभावनाएं और भी बढ़ गई हैं, जिससे लोग यहां भूखंड लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### प्रदूषण व धूम्रपान से बढ़ा हृदय रोग का खतरा

**ग्रेटर नोएडा।** जिम्स में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2022 के मुकाबले 2024 में चार गुना मरीज इलाज के लिए संस्थान पहुंचे हैं। डॉक्टरों का मानना है कि अवसाद के साथ ही दिनचर्या खराब होने से हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा है। जिम्स के जनरल मेडिसिन विभाग में साल 2022 में 209 लोग हृदयरोग से संबंधी समस्या लेकर पहुंचे थे, वहीं साल 2024 में 840 लोग हृदय रोग की समस्या लेकर पहुंचे हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि मौजूदा समय के करीब तीन साल पहले हृदयरोग से जुड़े मरीज अधिकतर 40 साल से अधिक उम्र के ही मिलते थे, लेकिन इस समय 30 साल से कम उम्र के भी लोगों में तेजी से हृदय संबंधी बीमारियां मिल रही हैं।इसका कारण ग्रेनो, नोएडा-यमुना सिटी के अलावा आसपास क्षेत्र में लगातार वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहना है। साथ ही धूम्रपान व शराब का सेवन भी बीमारी का खतरा बढ़ा रहा है।

### बिजली ढांचे ठीक करने लिए 96 करोड़ का बजट मंजूर

**नोएडा।** नोएडा जोन के शहरी क्षेत्र में बिजली ढ़ांचे को मजबूत करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पावर कॉरपोरेशन ने 96.60 करोड़ रुपये से अधिक के बजट को मंजूरी दी है। इस बजट को विद्युत निगम के मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है। इस राशि का उपयोग नए उपकेंद्रों के निर्माण, विद्युत लाइनों की स्थापना, खंभों की मरम्मत और पुरानी लाइनों के नवीनीकरण सहित 446 विभिन्न परियोजनाओं पर किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत नोएडा में बिजली आपूर्ति को और विश्वसनीय बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल ने बताया कि इस बजट के तहत नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली ढांचे को उन्नत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। इस बजट से न केवल नए उपकेंद्र स्थापित होंगे, बल्कि पुरानी और जर्जर लाइनों को भी दुरुस्त करेंगे, ताकि बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट न आए। इस परियोजना के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली खंभों की स्थापना, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, और भूमिगत केबल लाइन जैसे कार्य शामिल हैं।

### 22 बुलडोजर से हटाए पेड़, 350 कर्मचारी उतरे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुधवार रात आंधी, ओलावृष्टि, बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा, जिसमें व्यवस्थाओं को संभालने के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रात्रि में ही अलर्ट रहकर नगर आयुक्त ने तमाम कर्मचारियों को उतार दिया। आज नगर निगम के सभी विभाग शहर की बिगड़ी हुई व्यवस्था को बनाने में लग रहे। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने, बिजली के खभों के गिरने, लगे हुए सिगनेज तथा होर्डिंग गिरे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा रात्रि में ही 25 टीमों को सड़कों पर उतरने के लिए कहा। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि भयंकर तूफान में 120 पेड़ गिरे। जिससे आवागमन बाधित रहा, लेकिन उद्यान विभाग टीम द्वारा सड़कों पर गिरे हुए वृक्षों को रात्रि में हटाया गया। ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में भी भूमिका निभाई, माली, हेड माली, सुपरवाइजर, उद्यान निरीक्षक, उद्यान पर्यवेक्षक तथा उद्यान प्रभारी द्वारा रात व आज दिन में भी शहर का भ्रमण करते हुए जायजा लिया गया।

### गाजियाबाद में आंधी के बाद बिजली की समस्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुधवार रात आंधी और बारिश ने शहर की बिजली सप्लाई को ठप्प कर दिया। सुबह से दिन भर लोग परेशान रहे। सबसे ज्यादा मसूरी, डासना में पेड़ों के टूटने से नुकसान पहुंचा है। कुछ इलाकों की दोपहर को बिजली सप्लाई शुरू हुई। संजय नगर सेक्टर 23 फ्री होल्ड के निवासियों की बिजली समस्या का सबसे अधिक सामना करना पड़ा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा लोगों को झेलना पड़ रहा है। ऑफिस से सी कर्मचारी कुंडा डालकर गायब रहे। न ही बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों के फोन उठाए। संजय नगर सेक्टर 23 फ्री होल्ड क्षेत्र के लोगों को पूरे दिन बिना बिजली और पानी के गुजारना पड़ा। जहां शहर के अन्य हिस्सों में बिजली व्यवस्था देर रात या अगली सुबह तक बहाल कर दी गई, वहीं इस क्षेत्र में विद्युत विभाग के कर्मचारी पूरी तरह से लापता रहे। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार संपर्क करने के प्रयास किए गए। लेकिन संबंधित कर्मचारियों ने अपने फ़ोन स्विच ऑफ कर लिए। न तो फॉल्ट की पहचान हो सकी और न ही बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।

# बांके बिहारी कॉरिडोर केस फिर सुप्रीम कोर्ट सुनेगा

## दाखिल पुनर्विचार याचिका में कहा- हमारा पक्ष बिना सुने दिया निर्णय, जज ने कहा- हम सहमत

**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर मंदिर के पुजारी देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने रिव्यू पिटिशन दाखिल की है। जज अब पिटिशन को सुनने पर सहमत हो गई है।

उनके वकील सीनियर एडवोकेट अमित आनंद तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह के सामने कहा- मंदिर के फंड को उपयोग करके 5 एकड़ जमीन अधिगृहीत करने के फैसले में हमारा पक्ष नहीं सुना गया, इसलिए यह निर्णय एकपक्षीय है।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को यूपी सरकार को वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर के फंड का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए करने की अनुमति दी थी। इस फंड से मंदिर के आसपास 5 एकड़ भूमि अधिग्रहण की जानी है। शर्त यह रखी गई कि अधिगृहीत भूमि देवता के नाम पर रजिस्टर होगी।

सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दाखिल करने वाले आवेदक देवेंद्र नाथ गोस्वामी मंदिर के पुजारी हैं। सेवायत की राजभोग सेवा से हैं। देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने कहा है- मैं मूल संस्थापक स्वामी श्री हरि दास जी गोस्वामी के वंशज हूं और हमारा परिवार सदियों पुरानी रीति-रिवाजों के अनुसार 500 से ज्यादा वर्षों से मंदिर से जुड़ा है।

देवेंद्र नाथ गोस्वामी ने अर्जी में कहा है- मंदिर के मामलों और धन के और प्रबंधन का मुद्दा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। मंदिर के कोष के उपयोग की अनुमति देते समय हमें पक्षकार नहीं बनाया गया।

### अब मंदिर के खजाने से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदने का मामला समझिए...

बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए प्रदेश सरकार मंदिर के खजाने की राशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदना चाहती थी। लेकिन, इसका मंदिर के गोस्वामियों ने विरोध किया और मामला हाइकोर्ट पहुंच गया।



हाइकोर्ट ने मंदिर के खजाने की राशि के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके बाद याचिकाकर्ता ईश्वर चंद्र शर्मा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और कॉरिडोर को लेकर याचिका दाखिल की।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को दिए आदेश में कहा कि मंदिर के खजाने से कॉरिडोर की जमीन खरीदने के लिए पैसा लिया जा सकेगा।

सरकार को जमीन मंदिर के नाम लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट सार्थक चतुर्वेदी ने बताया कि सरकार सिर्फ जमीन खरीदने के लिए बांके बिहारी मंदिर के खजाने से पैसा ले सकती है।

### 500 करोड़ रुपए से बनेगा कॉरिडोर

बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च होगा। यह खर्च भूमि अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर के खजाने में करीब 450 करोड़ रुपए हैं। इसी धनराशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदी जाएगी। इस जमीन को अधिगृहीत करने में जिनके मकान और दुकान आएंगे, उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने खारिज की थी यूपी सरकार की याचिका

बांके बिहारी कॉरिडोर के निर्माण मामले में 20 नवंबर, 2023 को हाईकोर्ट ने यूपी सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था- कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च उठाए। वहीं, प्रदेश सरकार का कहना था कि अगर हम अपने खर्च से जमीन खरीदेंगे तो उस पर सरकार का मालिकाना हक होगा। इस तरह कॉरिडोर के निर्माण पर खर्च करने पर उस पर भी सरकार का अधिकार होगा। कॉरिडोर को मंदिर से क्लब किया जा सके और मंदिर प्रबंधन कमेटी इसका संचालन कर सके, इसके लिए जरूरी है कि मंदिर फंड से ही कॉरिडोर का निर्माण कराया जाए।

### मंदिरों में अधिवक्ता नहीं बन सकेंगे रिसीवर

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए फैसले में यह भी कहा कि मथुरा वृंदावन के मंदिरों में अब अधिवक्ता रिसीवर नहीं बन सकेंगे।

एक ऐसा रिसीवर नियुक्त किया जाए जो मंदिर के प्रबंधन से जुड़ा हो, जिसका धार्मिक झुकाव हो। वह वेदों-शास्त्रों का अच्छी तरह से ज्ञान रखता हो।

साथ ही वैष्णव संप्रदाय से जुड़ा हुआ हो। जिला प्रशासन और अधिवक्ताओं को मंदिर प्रबंधन से दूर रखा जाना चाहिए। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच न्यायाधीश बेला त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा ने दिया।

# गोंडा में मिट्टी धंसने से 3 की मौत

## मजार के पास जेसीबी से खुदाई करते समय दीवार ढही, एक लखनऊ रेफर

**गोंडा।** गोंडा में बुधवार रात मिट्टी धंसने से 3 युवकों की मलबे में दबकर मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मृतकों में एक किशोर भी शामिल है।

हादसा उस वक्त हुआ, जब सभी गांव में एक मजार के चौड़ीकरण के लिए जेसीबी से खोदाई करवा रहे थे। इसी दौरान मजार की दीवार ढह गई और चारों युवक मिट्टी के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां 3 को मृत घोषित कर दिया गया।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

घटना छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा माहिमा गांव की है। स्थानीय निवासी फरजान रजा गांव में बनी मासूम-ए-मिल्लत मजार में दीवार निर्माण करवा रहे थे। इसके लिए पास में जेसीबी से एक गढ्ढा भी खोदा जा रहा रहा था।



रात करीब 9 बजे गढ्ढा खोदाते समय दीवार ढह गई। मौके पर मौजूद 4 लोग 15 फीट गहरे गढ्ढे में गिर गए और मलबे के नीचे दब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद सभी को पुलिस की मदद से सादुल्लाह नगर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने शकील मोहम्मद (50 वर्ष), अशद (14 वर्ष) और फकीर मोहम्मद (20 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, फरजान रजा (38 वर्ष) को गंभीर हालत में लखनऊ के हायर सेंटर रेफर किया गया था।

### बिना परमिशन हो रही थी खुदाई, हादसे के बाद मिट्टी से गड्ढा ढकने की कोशिश

प्रशासनिक जांच में सामने आया कि मजार के पास की जा रही खोदाई बिना किसी अनुमति के कराई जा रही थी। हादसे के बाद गड्ढे को मिट्टी डालकर छुपाने की कोशिश भी की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थाना अध्यक्ष छपिया संजीव वर्मा, नायब तहसीलदार मनकापुर और क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# स्कूटी पर खड़े पोस्टमैन को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर : दो की मौत

## कार पलटने से रूस के 3 पर्यटक घायल

**इटावा।** इटावा में कानपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में दो ग्रामीण पोस्टमैन की मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो सवार तीन विदेशी नागरिक घायल हो गए। यह हादसा थाना बकेवर क्षेत्र के बिजौली गांव के पास उस समय हुआ, जब तीन पोस्टमैन स्कूटी रोककर सड़क किनारे पानी पी रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने खड़ी स्कूटी और उसके पास खड़े दो पोस्टमैनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई। सड़क किनारे खेत में पलट गई।

वहीं हादसे में पोस्टमैन अतुल शाक्य (24) निवासी इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा और संगम गौतम (22) निवासी दिबियापुर की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे पोस्टमैन प्रशांत, जो पानी पी रहे थे। बाल-बाल बच गए।

मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्कॉर्पियो में सवार विदेशी नागरिकों की पहचान याकोनिका (55), सेरजर सेलिव (54) और जॉर्जी (57) के रूप में हुई है। जो रूस के निवासी हैं। तीनों भारत भ्रमण पर थे। मायापुरी से वृंदावन जा रहे थे। स्कॉर्पियो को याकोनिका चला रहे थे। वाहन पलटने के बाद पुलिस और राहगीरों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया। उन्हें 50 शैय्या अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## 23 साल के डॉक्टर की हार्ट अटैक से मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के एमबीबीएस इंटर्न की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बुधवार रात उन्हें अचानक बेचैनी हुई। करीब 2 घंटे तक उल्टियां हुईं। सीने में तेज दर्द होने लगा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। ईसीजी और ट्रॉप-टी जांच कराई गई। करीब 3 घंटे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। 2018 बैच के एमबीबीएस पासआउट विवेक कुमार पांडे लोहिया संस्थान में इंटर्न के रूप में तैनात थे। लोहिया संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख और मीडिया सेल के इंचार्ज प्रो. भुवन चंद तिवारी ने बताया- रात करीब 11 बजे डिनर करने के बाद डॉक्टर विवेक की तबीयत बिगड़ी। उन्हें इमरजेंसी में लाया गया। उनकी ईसीजी और ट्रॉप आई जांच की गई। सभी जांच नॉर्मल थी। ऐसे में एक बार फिर से ट्रॉप की जांच की गई। दूसरी बार भी ट्रॉप की जांच नेगेटिव आई। कई बार ऐसा होता है कि सीवियर हार्ट अटैक होने के बावजूद जांच में रिपोर्ट नेगेटिव आती है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही लगता है। रात में डॉ. विवेक के इलाज के लिए संस्थान के टॉप कार्डियोलॉजिस्ट भी पहुंचे थे। इमरजेंसी में डॉक्टरों की एक्सपर्ट टीम उनका इलाज कर रही थी। पर उन्हें नहीं बचाया जा सका। उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है।

# प्रतापगढ़ में 4 युवकों को ट्रक ने कुचला : 2 की मौत

## 2 गंभीर घायल, बाइक में पेट्रोल खत्म होने पर सड़क किनारे खड़े थे

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में बुधवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने 4 युवकों को रौंद दिया। हादसे में नाबालिग समेत 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा रात करीब 2: 00 बजे उस वक्त हुआ, जब चारों युवक पेट्रोल खत्म होने के कारण बाइक को सड़क किनारे लगाकर मदद के लिए इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।




सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य दो का इलाज जारी है। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है। संसारियापुर गांव के रहने वाले चार दोस्त नीरज पटेल (19), विनय पटेल (30), गोविंद पटेल और आशीष पटेल दो बाइकों पर सवार होकर दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए फतनपुर थाना क्षेत्र के ठठिरयापुर गांव गए हुए थे। जहां से बारात सुरुवा मिसिरपुर गांव गई थी। शादी अटेंड करने के बाद चारों अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रानीगंज कोतवाली क्षेत्र में सुवंसा गांव के करीब उनकी नीरज की बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। रात 2: 00 बजे चारों दोस्त बाइक को सड़क किनारे खड़ी करके मदद का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान मुंगरा बादशाहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने चारों युवकों को रौंद दिया। इसके बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। नीरज पटेल (19) और विनय पटेल (30) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गोविंद पटेल और आशीष पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 131 वाहनों का चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सुरक्षित यातायात और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, ड्रिंक × ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं



क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, ड्रिंक × ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 131 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया ।

# सेना के शौर्य की मिसाल और नारी शक्ति का सम्मान है ऑपरेशन सिंदूर : हरीश

## स्वार ब्लॉक से तहसील तक निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नारों की रही गूंज

विशाल इंडिया संवाददाता

**स्वार।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य की मिसाल और नारी शक्ति का सम्मान है। सेना ने जिस कुशल तरीके से आतंकवादियों और उनके ठिकानों पर हमला कर नष्ट किया, उसकी तारीफ पूरी दुनिया कर रही है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा की ओर से स्वार विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

स्वार ब्लॉक से शुरू हुई तिरंगा यात्रा स्वार तहसील तक पहुंची, जहां जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस बीच देशभक्ति गानों की गूंज रही।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों का सुरक्षित ठिकाना है। लंबे समय से पाकिस्तान से आतंकी भारत में घुसपैठ करते हैं और भारतीयों का निशाना बनाते आए हैं। लेकिन, अब भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर नहीं सहेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अपनी नीति में परिवर्तन करते हुए साफ ऐलान कर दिया है कि यदि भविष्य में भी कोई आतंकी घटना होती है, तो इसे युद्ध माना जाएगा। ऐसे में अब पाकिस्तान घबरा गया है। दुनियाभर में जाकर गिड़गिड़ा रहा है, लेकिन कोई उसकी मदद के लिए तैयार नहीं है।

ऐसे में साफ है कि सिर्फ युद्ध के मैदान में ही नहीं, बल्कि सरकार ने कुटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और समर्पण की भी सराहना की। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को महिलाओं के सम्मान और त्याग का परिचायक बताया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अली यूसुफ अली, लक्ष्मी सैनी, दिनेश गोयल, महेश मौर्य, महेंद्र सैनी, देवेंद्र दिवाकर, सुखदेव सिंह चीमा, दिलीप अरोड़ा, रवि रूहेला आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव से विभिन्न किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भेंट की

**लखनऊ ।** मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह से विभिन्न किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भेंट की।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।



विगत वर्षों में प्रदेश में गन्ना भुगतान की स्थिति बेहतर हुई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत गेहूं और धान के खरीद की पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। उन्होंने किसान यूनियन द्वारा किसानों की बिजली, सिंचाई, राजस्व, खनन आदि से संबंधित समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंश निर्धारण के मामलों का विशेष कैंप लगाकर निस्तारित किया जाये, ताकि किसानों को अनावश्यक न्यायालयों के चक्कर न लगाना पड़े।

### पिकअप डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**गोंडा।** गोंडा जिले के कर्नलगंज में गुरुवार की शाम करीब 6: 30 बजे गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के भुलियापुर मोड़ पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रेलवे का सामान ले जा रही एक पिकअप वाहन का आगे का एक्सेल अचानक टूट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप में सवार एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप पश्चिम बंगाल के मजदूरों को लेकर रेलवे के ठेके पर काम के लिए जरवल रोड की तरफ जा रही थी।

# शार्ट न्यूज

## वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण- सुरेश पुत्र आशाराम रैकवार उम्र करीब 36 वर्ष बुद्धन पुत्र जवार उम्र करीब 65 वर्ष नि0गण ग्राम जमालपुर थाना तालबेहट ललितपुर सम्बन्धित NBW केस नं0 19/23 अ0सं0 127/22 बनाम रतीराम धारा 279/337/338 भादवि थाना तालबेहट मा0 न्यायालय- ग्राम न्यायालय तालबेहट ललितपुर, को नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ.नि. मानवेन्द्र सिंह कां. सूरज सिंह आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** नाराहट पुलिस ने गुरुवार को दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिन्नी राजा पुत्र स्वरूप सिंह उम्र करीब 59 वर्ष निवासी ग्राम कलरव थाना नाराहट ललितपुर सम्बन्धित केश नं0 1531/2010 धारा 379/342/504/506 भादवि थाना नाराहट ललितपुर सम्बन्धित मा0 न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर उजागर सिंह पुत्र हुकुम सिंह लोधी उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम नीमखेडा थाना नाराहट जनपद ललितपुर सम्बन्धित केश नं0-1246/2014 धारा- 323/504/506 भादवि थाना नाराहट जनपद ललितपुर सम्बन्धित मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर, को नियमानुसार गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-208/2025 धारा- 64/115(2)/ 351(3)/61(2) क्.ह.र. में वांछित अभियुक्त- सोनू कुशवाहा पुत्र बंदू उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम डोंगरा खुर्द थाना नाराहट ललितपुर, को नाराहट रोड़, बस स्टैण्ड महरौनी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम निरीक्षक निर्भयचन्द्र प्रभारी हे.कां. धर्मेन्द्र पाण्डेय कां.संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## ललितपुर में डेकोरेटर ने की आत्महत्या

**ललितपुर।** ललितपुर में एक डेकोरेटर ने गुरुवार शाम को अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान दीपक प्रजापति (32) के रूप में हुई है। वह सिविल लाइन मोहल्ले में आईटीआई के पीछे स्थित कांशीराम कालोनी ब्लॉक नंबर 9 में रहता था। दीपक की पत्नी पिंकी सुबह में ही अपनी एक बेटी के साथ दादा के निधन के कारण बीना स्थित मायके गई थी। शाम करीब 4 बजे जब पिंकी ने पति को फोन किया तो वह कुछ कहने लगा और फिर फोन बंद हो गया। चिंतित पिंकी ने देवर को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। देवर जब घर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस और पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला गया। अंदर दीपक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार दीपक दो भाइयों में बड़ा था और तीन बेटियों का पिता था। वह शादी समारोहों में डेकोरेशन का काम करता था। एक दिन पहले ही वह इंदौर से अपना इलाज करवाकर लौटा था।

## एडीए ने सील किया अवैध निर्माण

**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। गुरुवार को हरीपर्वत 3 वार्ड में एक निर्माण पर कार्रवाई करते हुए सील लगाई गई। हरीपर्वत वार्ड में मै0 अमृतसर ट्रांसपोर्टेशन द्वारा प्लाट संख्या-134/3. ट्रांसपोर्ट नगर, हरीपर्वत-तृतीय, आगरा पर अनाधिकृत रूप से निर्माण किया जा रहा था। निर्माण को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-28क (1) के अन्तर्गत सीलबन्द कर दिया गया है। एडीए ने निर्माण स्थल पर नोटिस भी लगा दिया है। नोटिस में लिखा है कि मैप मांगा गया, जो मालिक नहीं दिखा पाया। 200 वर्गमीटर में शटरिंग का काम हो रहा था। जानकारी दी गई कि पहले भी यहां 3 बार नोटिस दिया गया है। सुनवाई की तिथि भी दी गई थी। लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। 15 मई को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी निर्माण कार्य चल रहा था।

## कानपुर सेंट्रल स्टेशन से तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हैरिसगंज पुल के पास से तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनू गुप्ता उर्फ टाडा (25), कौशल अली उर्फ तुत्तल (27) और नफीस उर्फ कल्लू (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 12 चोरी किए गए मोबाइल फोन, एक टैबलेट और 4,350 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद सामान की कीमत लगभग 4.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेनों में यात्रा कर रहे और प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों के मोबाइल और पर्स चुराते थे। चोरी का सामान वे अनजान लोगों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देते थे। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे राहुल राज और पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा की निगरानी में यह अभियान चलाया गया।

## आगरा में भतीजे ने की ताऊ की हत्या

**आगरा।** आगरा के बाह क्षेत्र के चित्राहाट में एक बच्चों को लेकर हुए विवाद में भतीजे ने अपने ताऊ की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। कमाल पुरा गांव के 60 वर्षीय सुरेश सिंह पांच भाइयों नरेश , सोबरन सिंह, हरिओम, राम बरन में सबसे बड़े हैं। वह व छोटे भाई राम बरन अविवाहित है। दोनों साथ साथ रहते हैं। नरेश परिवार सहित दूसरे गांव में रहता है। गुरुवार को भतीजा अभिषेक अपने भाई से झगड़ा कर रहा था। इस पर ताऊ सुरेश सिंह ने अभिषेक को डांट दिया। डांट से आक्रोशित हो अभिषेक ने सुरेश के सिर में डंडा मार दिया। डंडे की चोट से वृद्ध जमीन पर गिर पड़ा। और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर एसीपी राम प्रवेश गुप्ता व चित्राहाट पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। अभिषेक व उसके पिता हरिओम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मौके पर एक्सपर्ट टीम भी पहुंच गई है।

## लखनऊ में आंधी-तूफान से बिजली के पोल उखड़े

**लखनऊ।** लखनऊ बुधवार को देर रात आंधी-पानी ने बिजली व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत व्यवस्था प्रभावित क्षेत्र को लेकर सख्त निर्देश जारी किए । अधिकारियों को तत्काल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा- खराब मौसम के बावजूद प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए फील्ड में युद्धस्तर पर कार्य किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने बताया- बीते दो दिनों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। उन्होंने स्वयं 22 मई की रात भर अधिकारियों से संपर्क में रहकर स्थिति की निगरानी की। जरूरी निर्देश जारी किए। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रात के अंधेरे में भी टॉर्च की रोशनी में आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 23 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानः संदिग्ध ड्रोन हमले में चार बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम में एक संदिग्ध ड्रोन हमले में चार बच्चों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके बाद हजारों लोगों ने न्याय की मांग के लिए बच्चों के शवों को मुख्य सड़क पर रखकर विरोध जताया। स्थानीय निवासियों ने कहा, मीर अली में हुए हमले के पीछे कौन था, अभी पता नहीं चला है। पाकिस्तानी तालिबान का गढ़ रहे इस क्षेत्र की घटना पर सेना ने चुप्पी साध रखी है। आदिवासी बुजुर्ग मुफ्ती बैतुल्लाह ने कहा, सरकार बताए कि हमारे बच्चों को किसने मारा।

### माउंट ल्होत्से से लौट रहे भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** हिमालय में दुनिया के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट ल्होत्से पर चढ़ने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। राजस्थान के राके बिश्नोई ने प्रीत्से के शिखर बिंदु से लौटने के बाद कैंप-4 के पास येलो बैंड में अंतिम सांस ली। हिमालयन टाइम्स ने नेपाली गाइड के हवाले से बताया कि बिश्नोई ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अपनी कोशिश को छोड़ने के बाद माउंट ल्होत्से पर चढ़ाई की। लेकिन येलो बैंड के पास उतरते समय वह मारे गए।

### जापान के कृषि मंत्री ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के कृषि मंत्री ने बुधवार को कहा कि उन्होंने चावल पर अपनी अनुचित टिप्पणी पर अपना इस्तीफा दे दिया है जिसने जनता को नाराज कर दिया है। टाकू इटो ने बताया कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। ईटीओ इस सप्ताह के शुरू में यह कहते हुए आग में आ गया कि उसे अपने समर्थकों के उपहारों के लिए चावल खरीदने के लिए कभी नहीं खरीदना पड़ा, एक समय में एक हंगामे को ट्रिगर किया जब उपभोक्ता चावल की कमी और आसमान छूने की कीमत से जूझ रहे थे।

### बस में एक भारतीय ने दूसरे की हत्या की; आरोपी ने कहा- चाचा जैसा दिखता था, इसलिए मारा चाकू

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास में एक दर्दनाक घटना में एक भारतीय युवक ने सार्वजनिक बस में सवार दूसरे भारतीय नागरिक अक्षय गुप्ता (30) की छुरा घोंपकर हत्या कर दी। ऑस्टिन पुलिस विभाग (एपीडी) के अनुसार, हत्या की घटना 14 मई की शाम को बस में सफर के दौरान हुई। चाकू हमले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने गुप्ता को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी दीपक कंडेल (31) ने बिना किसी उकसावे के अक्षय गुप्ता की गर्दन में छुरा घोंप दिया। कंडेल ने हमले के बाद शांति से बस से उतरकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कंडेल ने पुलिस को बताया कि उसने गुप्ता को इसलिए मारा क्योंकि वह उसके चाचा जैसा दिखता था। उस पर प्रथम दर्जे की हत्या का आरोप लगाया गया है।

### टॉम फ़्लैचर ने की, ग़ाज़ा में मानवीय सहायता बहाली की मांग

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ़्लैचर ने युद्धग्रस्त फ़लस्तीनी क्षेत्र ग़ाज़ा में, मानवीय सहायता की आपूर्ति बहाल किए जाने की अपनी प्रबल मांग दोहराते हुए कहा है कि मानवतावादी एजेंसियाँ ग़ाज़ा पट्टी तक पहुँच की मांग करते हैं और वहाँ लोगों को जीवन रक्षक सहायता पहुँचाने के लिए पहले से ही एक योजना तैयार है. ध्यान रहे कि इसराइल ने ग़ाज़ा में प्रवेश के लिए तमाम सीमा चौकियों को 2 मार्च बन्द कर दिया था, जिसके बाद ग़ाज़ा में बिल्कुल भी मानवीय सहायता सामग्री दाख़िल नहीं हो सकी है और वहाँ की पूरी लगभग 21 लाख की आबादी अकाल के ख़तरे में हैं.टॉम फ़्लैचर ने शुक्रवार दे रात जारी एक वक्तव्य में कहा है, जैसा कि हमने इस वर्ष युद्धविराम के दौरान दिखाया है – और हर बार जब हमें पहुँच प्रदान की गई है, संयुक्त राष्ट्र और हमारे मानवीय भागीदारों के पास ग़ाज़ा में जीवन बचाने के लिए आवश्यक पैमाने पर सहायता प्रदान करने के लिए विशेषज्ञता, संकल्प और नैतिक स्पष्टता है. आगे बढ़ने के लिए तैयारउन्होंने कहा कि सहायता सामग्री के वितरण के लिए वैकल्पिक तौर-तरीक़ों का प्रस्ताव करने वालों को समय बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक योजना पहले से ही मौजूद है.यह दस्तावेज़ मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता के गैर-परक्राम्य सिद्धान्तों पर आधारित है.इसके अलावा, इसे दानदाताओं के गठबन्धन के साथ-साथ, अधिकांश अन्तरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन प्राप्त है, और यदि मानवतावादियों को अपना काम करने की अनुमति दी जाती है, तो ये सक्रिय होने के लिए तैयार हैं.

टॉम फ़्लैचर ने कहा, हमारे पास लोग मौजूद हैं. हमारे पास वितरण नैटवर्क हैं. हमारे पास ज़मीन पर समुदायों का भरोसा है. और हमारे पास सहायता सामग्री भी मौजूद है, भारी मात्रा में, जो अभी आपूर्ति किए जाने के लिए तैयार हैं.' चलें काम पर लगें 'यूएन आपदा राहत समन्वयक टॉम फ़्लैचर ने दोहराते हुए कहा कि मानवतावादी समुदाय ने अतीत में भी ऐसा किया है और फिर से कर सकता है.हम जानते हैं कि हमारी सहायता सामग्री आपूर्ति को कैसे पंजीकृत, निरीक्षण, वाहनों में लादना, वाहनों से उतारना, फिर से निरीक्षण, फिर से लादना, परिवहन, भंडारण, लूट से सुरक्षित रखना, ट्रकों व उनके मार्गों की निगरानी और वितरित किया जाता है ।

# पाकिस्तानी आतंकी आमिर हमजा के घायल होने का दावा:मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती

### हाफिज सईद का करीबी है, भारत में हमले की साजिश रची थी



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी।

**लश्कर की पत्रिकाओं का संपादक था:** आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था।

**हमजा ने सोवियत के खिलाफ जंग लड़ी थी :** हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है। अमेरिका ने साल 2012 में हमजा को वैश्विक आतंकी घोषित किया था। हमजा को भारत के खिलाफ कई आतंकी हमलों से जोड़ा गया है। उसे जम्मू के सुंजवां में सेना के ब्रिगेड मुख्यालय पर हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया जाता है।

**8 साल पहले संगठन से अलग हुआ था :** कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2018 में फंड की कमी की समस्या की वजह से लश्कर-ए-तैयबा में फूट पड़ गई थी। इसके बाद आमिर हमजा ने खुद को संगठन से अलग कर लिया था। उसने अपना नया संगठन बनाया था। इसका नाम जैश-ए-मनक्फा रखा गया था।

**आतंकवादी आमिर हमजा कौन है?** : आतंकवादी आमिर हमजा पाकिस्तान के पंजाब के गुजरांवाला का रहने वाला है। वह लश्कर-ए-तैयबा का सह-संस्थापक है और हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का भी करीबी है। यह वही आतंकवादी है जो वर्षों से कश्मीर समेत पूरे भारत में आतंक फैला रहा है। आमिर हमजा एक वैश्विक आतंकवादी है। अमेरिका ने 2012 में उसे वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था।

**लश्कर में क्या था आमिर हमजा का काम? :** लश्कर आतंकियों के लिए धन जुटाने की जिम्मेदारी आतंकी आमिर हमजा के कंधों पर है। हमजा लश्कर-ए-तैयबा की केंद्रीय समिति का सदस्य भी है। वह भारत में घुसपैठ, आतंकवादी वित्तपोषण जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के साथ मिलकर 1990 के दशक में लश्कर संगठन की नींव रखी थी। उन्होंने अक्सर अपने भाषणों में हिंसा को धार्मिक जिहाद बताया है। 2018 में उसने अपना खुद का आतंकी संगठन जैश-ए-मंक़फा बनाया। कहा जाता है कि लश्कर पर दबाव पड़ने के बाद उसने अपना आतंकी संगठन बना लिया। हाफिज सईद के साथ उनके मतभेद की भी खबरें थीं। वह आतंकवाद फैलाने के लिए लश्कर की तर्ज पर धन इकट्ठा करता था। कश्मीर में आतंकवादी नेटवर्क फैलाने में हमजा की प्रमुख भूमिका रही है।

**आतंकवादी आमिर हमजा कैसे घायल हुआ? :** अगर हमजा पर हमले की बात सच है तो यह पहली बार नहीं है जब किसी अज्ञात हमले में कोई आतंकवादी घायल हुआ हो। पाकिस्तान में आतंकवादियों को पहले भी अज्ञात हमलावरों द्वारा निशाना बनाया गया है। 18 मई को लश्कर के शीर्ष कमांडर सैफुल्लाह की एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोली मारकर हत्या कर दी। अब आमिर हमजा को निशाना बनाया गया है।

### ओबामा के घर के पास हथियार समेत पकड़ा गया अमेरिकी सेना का पूर्व जवान दोषी करार, पहले ट्रंप से मिली थी माफी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पूर्व नौसेना अधिकारी टेलर टारेंटो को मंगलवार को अदालत ने हथियार रखने और सरकारी इमारत को उड़ाने की झूठी धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने यह फैसला सुनाया। टारेंटो को जून 2023 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के घर के पास गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त उसकी वैन से दो बंदूकें, लगभग 500 गोलियां और एक लंबी छुरी बरामद की गई थी। टारेंटो के खिलाफ मुकदमा बिना जूरी के चला और इसका ट्रायल पिछले हफ्ते शुरू हुआ था।

बता दें कि टोरेंटे 2023 में टोरेंटे की गिरफ्तारी के दिन डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ओबामा के घर का पता शेयर किया था। टारेंटो ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा था कि हमने इन हारे हुए लोगों को घेर लिया है। पोस्ट में उसने ये भी कहा कि नरक में मिलते हैं जॉन पोडेस्टा और ओबामा। साथ ही टारेंटो यूट्यूब पर लाइव वीडियो में कह रहा था कि वह भूमिगत सुरंगों के रास्ते ढूंढ रहा है और एक अच्छा शूटिंग एंगल लेना चाहता है।टारेंटो पर ओबामा या जॉन पोडेस्टा को धमकाने का मामला दर्ज नहीं हुआ, लेकिन उसे मैरीलैंड के नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी (एनआईएसटी) को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देने का दोषी पाया गया। टारेंटो का दावा था कि वह सिर्फ मजाक कर रहा था और खुद को पत्रकार व कॉमेडियन मानता है।

हालांकि न्यायाधीश निकोल्स ने कहा कि वीडियो में कही गई बातें कुछ लोगों को मजाक लग सकती हैं, लेकिन एक सामान्य व्यक्ति इसे गंभीर धमकी मान सकता है, खासकर जब वक्ता असंतुलित लग रहा हो। हालांकि जज ने अभी सजा का एलान नहीं किया है लेकिन टारेंटो के वकील ने उसे बेल पर रिहा करने की अपील की है। इस पर फैसला इस हफ्ते के अंत तक लिया जाएगा। टारेंटो करीब दो साल से जेल में है क्योंकि कोर्ट ने उसे समाज के लिए खतरनाक माना था।गौरतलब है कि टारेंटो उन कुछ लोगों में से है जिन्हें 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल हमले में शामिल होने के बाद ट्रंप की तरफ से माफी मिली थी। उस हमले के दौरान टारेंटो स्पीकर लॉबी के पास मौजूद था, जहां ऐशली बैबिट नामक एक दंगाई महिला को पुलिस ने गोली मारी थी।

### राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा आरोप; बाइडन के कर्मचारियों ने देशद्रोह किया, अमेरिका को खतरे में डाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि बाइडन के सहयोगियों ने उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर अमेरिका की सीमाएं खुली छोड़ दीं, जिससे देश में अपराधी, ड्रग डीलर और मानसिक रूप से अस्थिर लोग बिना किसी जांच के घुसते रहे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, यह अमेरिका के खिलाफ सबसे बड़ा देशद्रोह है।उन्होंने आरोप लगाया कि बाइडन खुद खुली सीमाओं के पक्ष में नहीं थे, लेकिन उनके कर्मचारियों ने सत्ता संभाल ली और ऑटोपेन (एक इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर उपकरण) से फैसले लिए। ट्रंप ने कहा कि सीमा पार से अपराधियों, ड्रग तस्करों और मानसिक रोगियों का प्रवेश बिना रोक-टोक के होता रहा। इससे देश को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हुआ और राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो लोग यह सब कर रहे थे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन देशद्रोही लोगों को बहुत कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ये देश को खत्म करना चाहते थे, लेकिन मैं उन्हें रोकने के लिए आया।ट्रंप के इस बयान से पहले एक नई किताब ओरिजिनल सिनः प्रेसिडेंट बाइडन डिक्लाइन, इट्स कवर-अप एंड हिज डिसट्रॉस च्वाइस टू रन अगेन में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति बाइडन की शारीरिक हालत काफी खराब हो गई थी।

# यूरोपीय यूनियन ने रूस पर फिर प्रतिबंध लगाए: 200 रूसी कंपनियां बैन




**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने 20 मई को रूस पर नया प्रतिबंध लगा दिया है। श्व की शीर्ष अधिकारी काजा कैलास ने कहा कि रूस ने यूक्रेन पर हमले नहीं रोके हैं। इस वजह से रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाया गया है। उन पर और भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले 14 मई को श्वईयू डिप्लोमैट्स ने रूस के खिलाफ 17वें प्रतिबंध पैकेज पर सहमति जताई थी। इसमें रूस के शैडो फ्लीट (तेल टैंकरों के बेड़े) को निशाना बनाने की बात की गई थी। एक सीनियर ईयूश्व अधिकारी ने मीडिया को बताया था कि रूस के लगभग 200 जहाज, 30 कंपनियां और रूसी मिलिट्री इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स से जुड़े 75 व्यक्तियों और संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। ईयू ने पुतिन के यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल नहीं होने पर एक्शन लेने की धमकी दी थी।

**रूसी प्रॉपर्टी जब्त करने का भी विचार कर रहे :** मर्त्ज ने कहा- हम कानून के दायरे में रहते हुए रूसी संपत्तियों को जब्त करने पर भी विचार कर रहे हैं। अगर ऐसा किया जा सकता है, तो हम करेंगे। हालांकि हमें यूरोपीय मार्केट पर इससे होने वाले असर को भी ध्यान रखना होगा। ईयू और जी7 देशों के पास रूस की करीब 300 अरब डॉलर की प्रॉपर्टी फ्रीज है। इसमें से रूसी सेंट्रल बैंक के 198 अरब डॉलर रिजर्व बेल्जियम में जमा हैं। यूरोपीय नेता रूसी प्रॉपर्टी को जब्त करने से हिचक रहे हैं, क्योंकि इससे यूरो और ईयू की बैंकिंग प्रणाली पर दूसरे देशों का भरोसा कम हो सकता है।

**कल पुतिन और ट्रम्प ने फोन पर दो घंटे बात की :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार रात यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और फिर उसके बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी। रूस और यूक्रेन जंग पर ट्रम्प और पुतिन के बीच करीब 2 घंटे चर्चा हुई। पुतिन ने इस बातचीत को बहुत अच्छा बताया था। उन्होंने कहा कि अगर सही समझौते हो जाएं तो रूस-यूक्रेन में कुछ समय के लिए युद्धविराम मुमकिन है। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक पुतिन ने कहा कि वे यूक्रेन के साथ शांति समझौते का मसौदा (ड्राफ्ट) बनाने के लिए तैयार हैं। संघर्ष की असल वजह को खत्म करना होगा। वहीं जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच कुछ मिनट की ही बातचीत हुई, अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

तुर्किये के इस्तांबुल में 16 मई को रूस और यूक्रेन के बीच जंग रोकने को लेकर बातचीत हुई थी। बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसकी मध्यस्थता तुर्किये के अधिकारियों ने की थी।

# चीन में सरकारी पैसे से शराब-सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे अधिकारी



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और ऑफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा है। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सरकारी खर्च को कम करने के लिए ऑफिस में मंहगे भोजन, शराब और सिगरेट न परोसने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सरकारी कार्यक्रम में भी भव्य फूलों की सजावट न करने को कहा गया है। आदेश में अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची को सख्ती से रोकने को कहा गया है। इसमें फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

सरकार के आदेश के बाद शराब बनाने वाली कंपनियों के शेयर में गिरावट आ गई है। 19 मई को, चीन को उपभोक्ता वस्तुओं के शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। क्वेइचो माउताई कंपनी (मशहूर चीनी शराब निर्माता) और लुझोउ लाओजियाओ कंपनी के शेयर में 2.2प्रतिशत और 2.6प्रतिशत की गिरावट आई।

चीन में जमीन की बिक्री से होने वाली प्रॉफिट में कमी आई है और लोकल गवर्नमेंट पर भारी कर्ज हो गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन की स्थानीय सरकारों पर करीब 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 770 लाख करोड़ रुपए) का कर्ज है। इससे पहले 2023 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने करप्शन और अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले दिखावे के खिलाफ मुहिम चलाई थी। जिसमें सरकार ने अधिकारियों को खर्च में कटौती की आदत डालने का निर्देश दिया था।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, 2024 में बीजिंग ने स्थानीय सरकारों के कर्ज से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए एक अभियान शुरू किया था। जिससे डिफॉल्ट का खतरा कम हो और स्थानीय सरकारें आर्थिक विकास में मदद कर सकें।

2025 में, चीन की सरकार ने उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने के लिए 30-सूत्रीय योजना शुरू की। इसमें लोगों की आय बढ़ाने, न्यूनतम मजदूरी में सुधार, और बच्चों की देखभाल के लिए सब्सिडी जैसे कदम शामिल हैं। इसका मकसद लोगों का आत्मविश्वास बढ़ाना और खर्च को प्रोत्साहित करना है, क्योंकि रियल एस्टेट संकट और बेरोजगारी ने उपभोक्ता खर्च को कम किया है।सरकार ने 2025 के लिए बजट घाटे को 4त्न तक बढ़ाने की योजना बनाई है, जो 1994 के बाद सबसे ज्यादा है। इसके साथ, विशेष सरकारी बॉन्ड की बिक्री को 1 ट्रिलियन युआन से बढ़ाकर 3 ट्रिलियन युआन करने का लक्ष्य है।

### सूडान भेजे गए प्रवासियों को हिरासत में ही रखने का आदेश, अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन के फैसले को रोका



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक संधीय अदालत ने ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने मंगलवार देर रात आदेश दिया कि साउथ सूडान भेजे गए प्रवासियों को हिरासत में ही रखा जाए, क्योंकि यह साफ नहीं है कि उन्हें वहां भेजना कानूनी रूप से सही था या नहीं। यह आदेश मैसाचुसेट्स के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज ब्रायन ई मर्फी ने दिया, जिन्होंने बुधवार को इस मामले की आपात सुनवाई भी तय की है। जज ने यह फैसला तब सुनाया जब प्रवासियों के वकीलों ने कोर्ट में कहा कि म्यांमार, वियतनाम और कुछ अन्य देशों से आए करीब 12 लोगों को मंगलवार सुबह साउथ सूडान भेज दिया गया।

कोर्ट आदेश के खिलाफ की गई कार्रवाई?

मामले में प्रवासियों के वकीलों का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन ने एक मौजूदा अदालत आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें कहा गया था कि किसी व्यक्ति को उसके देश से अलग किसी अन्य देश भेजने से पहले उसे अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए।

वहीं एक मामले में म्यांमार से आए एक व्यक्ति को टेक्सास में अधिकारियों ने केवल अंग्रेजी में बताया कि उसे भेजा जा रहा है, जबकि वह ठीक से अंग्रेजी नहीं समझता। उसके वकीलों को उसकी फ्लाइट से कुछ घंटे पहले ही इसकी सूचना मिली। हालांकि एक महिला ने बताया कि उसका पति वियतनाम से और लगभग 10 अन्य लोग अफ्रीका भेज दिए गए हैं।

**साउथ सूडान को लेकर चिंता :** बता दें कि साउथ सूडान 2011 में बना नया देश है, लेकिन तब से लगातार गृहयुद्ध, हिंसा और मानवाधिकार हनन का शिकार रहा है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी थी कि वहां फिर से पूर्ण युद्ध की स्थिति बन रही है। मामले में अमेरिका के विदेश मंत्रालय की 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां मनमानी हत्याएं, लापता करना, यौन हिंसा और सुरक्षा बलों द्वारा अमानवीय व्यवहार आम हैं।

**अमेरिका पहले से दे रहा है संरक्षण :** गौरतलब है कि अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने पहले से ही साउथ सूडान से आए कुछ लोगों को टेंपरेरी प्रोटेक्टेड स्टेटस (टीपीएस) दे रखा है, जिससे उन्हें वापस नहीं भेजा जा सकता। हाल ही में इस सुरक्षा को नवंबर तक बढ़ा दिया गया है ताकि स्थिति की और समीक्षा की जा सके। अब अदालत तय करेगी कि इन प्रवासियों को जबरन भेजा जाना कानून के खिलाफ था या नहीं। इस मामले की सुनवाई बुधवार को होगी।

# अफगानिस्तान भी रोकेगा पाकिस्तान का पानी:कुनार नदी पर डैम बना रहा



**काबुल, एजेंसी।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने सोमवार को जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा- यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे।

तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा।

**कुनार नदी को लेकर पाक-अफगान में कोई समझौता नहीं :** 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती। यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है।

**काबुल नदी का जल प्रवाह 16-17प्रतिशत घट सकता है :** पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

**जयशंकर ने तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की :** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी।

इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है। इसके लिए भारत 2020 करोड़ रुपए (236 मिलियन डॉलर) की वित्तीय सहायता दे रहा है। यह प्रोजेक्ट तीन साल में पूरा होगा और 4 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करेगा, साथ ही 20 लाख लोगों को पीने का पानी देगा।भारत और अफगानिस्तान ने फरवरी 2021 में शहतूत बांध के लिए एक समझौता किया था। इससे पहले भारत ने 2016 में अफगानिस्तान में सलमा बांध बनाया था, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अफगान राष्ट्रपति अशरफ घनी ने किया था।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

**लखनऊ (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को आईपीएल लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के साथ ही शीर्ष दो टीमों में जगह बनाना चाहेगी। आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर दिया है। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी आरसीबी 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत हासिल कर वह पहले दो में पहुंचना चाहेगी। इस मैच को बारिश के कारण बेंगलुरु से लखनऊ स्थानांतरित किया गया है। इस सत्र में आरसीबी का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में है जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार है। उसका लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में खिताब जीतना है। उसके प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, विराट ने अब तक 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। वहीं कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा जैसे स्पिनर हैं। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी यश दयाल पर रहेगी। इस मैच में जोस हेजलवुड कंधे की चोट के कारण नहीं खेलेंगे। वहीं दूसरी और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ सत्र का समापन करना रहेगा। इस सत्र में उसकी बल्लेबाजी असफल



रही है। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये जिससे टीम सत्र में अधिकतर मैच हार गयी। उसके पास पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं पर ये दोनो भी इस सत्र में असफल रहे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# पंजाब किंग्स की जीत के लिए प्रीति जिंटा ने खाटू श्याम के दरबार में प्रार्थना की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलिवुड अभिनेत्री और आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सहामालिक प्रीति जिंटा ने टीम की जीत के लिए खाटू श्याम के दरबार में प्रार्थना की है। प्रीति ने मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। प्रीति विदेश में रहने के बाद भी अपनी जमीन से जुड़ी हैं। इसी कारण जयपुर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स के साथ हुए मैच को जीतने के बाद वह सीधे रींगस स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचीं थीं। इस दौरान प्रीति ने खाटू नरेश के दर्शन किए और हाथ जोड़कर भगवान का आशीर्वाद लिया। खाटू श्याम के दरबार में प्रीति जिंटा की ये पहली हाजिरी थ। उन्होंने मंदिर में हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर जीत के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद वह काफी शांत नजर आयीं। प्रीति का स्वागत पूर्व श्री श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष, प्रताप सिंह ने किया। प्रीति ने अपनी यात्रा के दौरान सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए। दर्शन के बाद, प्रीति को मंदिर समिति कार्यालय में श्याम दुपट्टा भेंट किया गया। उन्हें एक चांदी का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। प्रीति आईपीएल के दौरान बेहद सक्रिय रही हैं। वह स्टेडियम से अपनी टीम का हौसंला बढ़ती रही हैं। पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है और अब उसका लक्ष्य खिताब जीतना है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित, हरमनप्रीत को कप्तानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे। टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प जाएगी और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपना अभियान समाप्त करेगी। टीम में गोलकीपर के रूप में कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा शामिल हैं। सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, कप्तान हरमनप्रीत सिंह,जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच टीम की रक्षा पंक्ति में होंगे। मिडफील्ड में राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, उप कप्तान हार्दिक सिंह, युवा प्रतिभावान राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह शामिल हैं। गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह भारतीय टीम के फॉरवर्ड है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से वास्तव में बेहद खुश हूं। टीम अच्छी तरह से अभ्यास कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं।'

# यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास, बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार जीती टी20 सीरीज

**शारजाह(एजेंसी)।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था।



शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए।

बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया।

यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सूर्यकुमार ने की बावूमा की बराबरी



मुम्बई । मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में एक अहम रिकार्ड की बराबरी की। इस मैच में 25 रन बनाते ही सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे अधिक पारियों में 25 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। सूर्या से पहले ये रिकार्ड दक्षिण दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान टेंबा बावूमा के नाम था। बावूमा ने साल 2019-20 में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। वहीं अब सूर्यकुमार ने भी 13 बार 25 से अधिक रन बनाये हैं। मुंबई इंडियंस को अपना अंतिम लीग मैच 26 मई को पंजाब किंग्स से खेलना है। अगर सूर्यकुमार इस मैच में भी 25 रन बना लेते हैं तो वह विश्व क्रिकेट में लगातार 14 टी20 पारियों में 25 रन से अधिक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

# सीएसके अगले सत्र में वापसी के प्रयास करेगी : कोच फ्लेमिंग



नई दिल्ली । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना है कि उनकी टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में बेहद खराब रहा है हालांकि उन्होंने कहा कि टीम अगले सत्र में वापसी करेगी। सीएसके की टीम इस बार केवल दो मैच ही जीत पायी जिससे वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। कोच ने कहा कि जिस प्रकार का प्रदर्शन टीम का रहा है। उसमें आगे जाने की उम्मीद नहीं थी पांच बार की चैम्पियन सीएसके अपने अंतिम लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार गयी थी। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम निचले स्तर पर रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था पर ऐसा हो नहीं पाया। हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही काबिल थे क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। जिस कारण अन्य कोई विकल्प नहीं था।। उन्होंने कहा कि शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के असफल होने से टीम का अभियान हर मैच में पटरी से उतर गया। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी टीम को अब लय में लाना होगा। साथ ही कहा कि हमारे पास अगले साल वापसी के लिए मजबूत रणनीति है इसलिए हम पहलुओं पर काम करेंगे। इस साल शीर्षक्रम से अच्छे रन नहीं मिलने के कारण हमारा अभियान विफल रहा। हमें अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। हमने टुकड़ों में ही अच्छा खेल दिखाया जो जीत के लिए पर्याप्त नहीं था।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान, 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल होंगे।



सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर का यह युवा बल्लेबाज आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनकर पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों पर लगाया गया उनका शतक लीग का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। उन्होंने बिहार के लिए 5 प्रथम श्रेणी मैच और 6 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। हालांकि सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में पहले यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ शतक बनाया था।

दूसरी और 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए गेम खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सीजन के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी, जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप-कप्तान बनाया गया है।

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो यूथ टेस्ट मैचों में 16 विकेट लिए और उस सीरीज में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह, जो 9 विकेट के साथ उस सीरीज के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्हें भी टीम में जगह मिली।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

# राठौर को इंग्लैंड दौरे में यशस्वी और ध्रुव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## -रोहित और विराट की कमी खलेगी



नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। राठौर के अनुसार ये दोनो युवा हैं और पिछले कुछ समय में इन दोनो का ही प्रदर्शन लगाता बेहतर हुआ है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम को रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना उतरना होगा क्योंकि इन दोनो ने हाल ही में संन्यास ले लिया था। ऐसे में युवाओं के ऊपर ही इनकी कमी भरने की जिम्मेदारी रहेगी। राठौर का मानना है कि ये सीरीज टीम के लिए मुश्किल रहेगी क्योंकि हाल ही में संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली की की कमी पूरी करना आसान नहीं होगा। यशस्वी और जुरेल भारत ए टीम में भी शामिल हैं। ऐसे में ये दोनो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच से लय हासिल कर सकते हैं। इनमें से पहला मैच 30 मई को कैंटरबरी में खेला जाएगा और उसके बाद भारत ए 13 जून को बेकेनहैम में मुख्य टेस्ट टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलेगा, उसके बाद 20 जून को हेडिंग्ले में टेस्ट सीरीज शुरू होगी। यह पहली बार होगा जब यशस्वी और जुरेल इंग्लैंड में अंतरराट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। राठौर ने कहा, यशस्वी और ध्रुव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत के बाद से ही अच्छी पारियां खेली हैं। ये दोनो ही तकनीकी रुप से अच्छे हैं जिसका लाभ इन्हें मिलेगा हालांकि ये एक मुश्किल दौरा रहेगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं और एक युवा टीम जा रही है। नया कप्तान भी हो सकता है। इसलिए, ये सभी चीजें थोड़ा दबाव बढ़ाएंगी पर इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा और आपकी क्षमता को दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इन दोनों में बहुत प्रतिभा है और मुझे पूरा भरोसा है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस दौर से एक नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत होने वाली है, इसमें उसे पास रोहित, विराट के अलावा आर अश्विन भी नहीं होंगे। इसको लेकर राठौर ने कहा कि इनकी कमी खलेगी पर संन्यास सभी का व्यक्तिगत फैसला होता है जिसमें किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

# आचार संहिता उल्लंघन के लिए कैपिटल्स के गेंदबाज मुकेश पर जुर्माना



मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर आचारसंहिता उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। मुकेश मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में आचारसंहित उल्लंघन के दोषी पाये गये हैं। इससे दिल्ली कैपिटल्स को इस मुकाबले में हार ओर प्लेऑफ से बाहर होने के बाद दूसरा झटका लगा है। ऐसे में मुकेश पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना और एक नकारात्मक अंक की सजा मिली है। मुकेश कुमार आचारसंहित के तहत लेवल 1 के दोषी पाये गये हैं। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, मुकेश ने नियम 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध (मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों, कपड़ों, ग्राउंड इक्विपमेंट या फिटिंग का दुरुपयोग) स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया, हसलिए आगे सुनवाई की जरुरत नहीं है। कैपिटल्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इसके बाद कैपिटल्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए ढह गयी ओर उसे 59 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा।

# एमआई के ऑलराउंडर को छठा आईपीएल खिताब जीतने का भरोसा, प्लेऑफ में पहुंचकर दिया ये बयान

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर नमन धीर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अहम जीत के बाद इंडियन प्रीमियर लीग 2025 जीतने की अपनी टीम की संभावनाओं पर भरोसा जताया। धीर ने कहा, 'हां, टीम बहुत खुश है।' मुंबई के छठे आईपीएल खिताब जीतने का भरोसा रखने वाले धीर ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर मुंबई इंडियंस खेल रही है, तो आपको हमसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई की उम्मीद करनी चाहिए। इसलिए हम अगले चार मैचों का इंतजार कर रहे हैं, जीतने के लिए और इस टूर्नामेंट विजय करने के लिए।'

धीर ने मुंबई इंडियंस की 59 रनों की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए डेथ ओवरों में सिर्फ 8 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे जिससे मुंबई ने अपने 20 ओवरों में 180/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स के खिलाफ सिर्फ एक लीग मैच बचा है और मुंबई अब प्लेऑफ की दौड़ में है। शीर्ष दो में जगह बनाने से उन्हें बहुत फायदा होगा, जिससे वे क्वालीफायर 1 में खेल सकेंगे। उस मैच में जीत उन्हें सीधे फाइनल में ले जाएगी।

दिल्ली के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में नियंत्रण खो दिया। मुकेश कुमार ने 19वें ओवर में 27 रन दिए और दुष्मंथा चमीरा ने अंतिम ओवर में 21 रन दिए जिससे मुंबई ने 181 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 43 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर इसे आसान बना दिया, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल थे।

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के तीन विकेटों की बदौलत मेहमान दिल्ली कैपिटल्स 121 रनों पर ढेर हो गई और मेजबान टीम ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में 59 रनों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी और अंतिम टीम बन गई। नॉकआउट के लिए अन्य तीन टीमें गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स हैं।



# शुरुआती चार मुकाबले जीतकर भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी कैपिटल्स

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक बार फिर आईपीएल प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 रन की हार के साथ ही 18 वें सत्र से बाहर हो गयी। इसी के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स पहली ऐसी टीम बन गई है जो शुरुआत के 4 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई है। कैपिटल्स ने इस सत्र की धमाकेदार शुरुआत की थी और अपने सभी मुकाबले जीते थे पर इसके बाद उसका अभियान पटरी से उतर गया। वहीं मुंबई इंडियंस शुरुआती झटकों के बाद वापसी करने में सफल रही। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली को यह मैच हर हाल में जीतना था। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 73 और नमन धीर के सिर्फ 8 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी की सहायता से 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटल्स की बल्लेबाजी बिखर गयी और पूरी टीम 19वें ओवर में 121 रनों पर ही सिमट गयी।



## अमेरिका में चीनी खिलौने लाबुबू की मांग 900 फ़ीसदी बढी

**न्यूयॉर्क।**

अमेरिका में चीन का खिलौना जिसे लाबुबू के नाम से जाना जाता है। अमेरिका की सरकार द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद भी इस खिलौने की मांग जिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। इस छोटे से खिलौने की बिक्री 900 फ़ीसदी बढ़कर 41 करोड़ डॉलर पर पहुंच गई है। भारतीय मुद्रा में लगभग 3500 करोड रुपए होता है। इस खिलौने का निर्यात चीन से हो रहा है। यह खिलौना अलग-अलग कॉस्ट्यूम में आता है। इसकी आंख गुस्से में लाल दिखती है इसकी मुस्कान भी डरावनी होती है। इसके बाद भी अमेरिकन परिवारों में इस खिलौने की मांग बढ़ती ही जा रही है। यह खिलौना बच्चों के साथ-साथ युवाओं और सेलिब्रिटीज के बीच में भी स्टेटस सिंबल बन गया है। इस खिलौने की कीमत अमेरिका में 85 डॉलर की है। भारतीय मुद्रा में लगभग 7300 रूपये होती है। इस खिलौने पर टेरिफ़ बार का कोई असर नहीं पडा है। चीन में निर्मित यह खिलौना द मॉंसटर्स स्टोरी बुक से प्रेरित हैं।

## दुबई से सोना आयात हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर नए नियम लागू किए हैं। नए नियम के अनुसार अब केवल कुछ खास एजेंसियां तथा पंजीकृत ज्वेलर्स ही सोना और चांदी दुबई से आयात कर सकेंगे। भारत सरकार ने यह कदम इंडिया-यूएई कंप्रिहेंसिव इकोनामिक पार्टनरशिप समझौते के तहत कार्रवाई की है। कुछ आयातक इस समझौते का गलत फायदा उठा रहे थे। दुबई से 99 फ़ीसदी शुद्ध सोना मंगवा रहे थे। उसे मिश्रित धातु का बताकर कस्टम ड्यूटी की चोरी कर रहे थे। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सोना आयात करने का कोटा तय कर दिया है। भारत सरकार 180 टन सोना यूएई से आयात करेगी। समझौते के तहत रियायती दर पर कोटा तय हुआ था। सरकार को इस सीमा से ज्यादा सोना आयात करने के आवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने 1400 आवेदन खारिज किए हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल आवेदकों की संख्या 253 फ़ीसदी बढ़ गई है।

## ग्रॉसरी और सब्जियां डिलीवर करने वाली ऐप बंद

**- यूजर्स के हजारों रुपए फंसे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में फल-सब्जियों और ग्रॉसरी की ऑनलाइन डिलीवरी के लिए लोकप्रिय ओ टिपी एप्प अब बंद हो गई है, जिससे ग्राहकों में उथल-पुथल मच गई है। कई यूजर्स ने शिकायत की है कि ऐप ने बिना किसी सूचना के अपना संचालन बंद कर दिया, जिससे उनके वॉलेट में हजारों रुपये अटक गए हैं। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आरबीआई और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय को टैग करते हुए जवाब मांगा है। ओ टिपी एप्प के प्रीपेड पेमेंट वॉलेट और सामान मंगवाने की सुविधा के बंद हो जाने से ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है।

## ओएनजीसी के तिमाही लाभ में 35 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने जनवरी-मार्च तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इसके बावजूद ओएनजीसी ने तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में सुधार किया और वित्त वर्ष 2024-25 में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। कंपनी ने इस तिमाही में 6,448 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कम है। कंपनी ने कच्चे तेल के उत्पादन में कमी देखी और पेट्रोल और डीजल के दामों में भी गिरावट आई। प्राकृतिक गैस का उत्पादन भी गिरा, जो इस तिमाही में 4.893 अरब बीसीएम रहा। अन्य साधनों के साथ, यह गैस बिजली और उर्वरक के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी मेंः रिपोर्ट

### भारत के इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर से जुड़े कई इंडिकेटर अप्रैल में भी अच्छी रफ्तार में रहे

**नई दिल्ली।**

दुनिया भर में वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता का माहौल देखा जा रहा है लेकिन इसी माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की अप्रैल महीने की स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट के अनुसार भारत के इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर से जुड़े कई इंडिकेटर अप्रैल में भी अच्छी रफ्तार में रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी खबरों के कारण अप्रैल की शुरुआत में घरेलू शेयर बाजार थोड़ा कमजोर हुआ था। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने अपने कुछ टैक्स फैसलों को अस्थायी तौर पर रोका और भारत में जनवरी-मार्च तिमाही में बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के अच्छे नतीजे आए, शेयर बाजार ने अच्छी रिकवरी दिखाई।

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर अब भी धुंधली है क्योंकि दुनियाभर में पॉलिसी में बदलाव हो रहे हैं और कई जोखिम बने हुए हैं।

लेकिन भारत की स्थिति को लेकर रिपोर्ट आशावाद है। अप्रैल 2025 में आई आईएमएफ की ताज़ा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत 2025 में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा और इस साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार देश में महंगाई में काफी राहत देखी गई है और यह 2025-26 में तय लक्ष्य के आसपास टिक सकती है। रबी फसल अच्छी होने और इस साल सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद से गांवों में खपत बढ़ेगी और खाने-पीने की चीज़ों की महंगाई भी नियंत्रण में रह सकती है।

## बेंगलुरु में 15,000 सीट वाला एसएपी का नया उत्कृष्टता केंद्र अगस्त में खुलेगा

**ऑरलैंडो।**

जर्मनी की तकनीकी कंपनी एसएपी ने इस साल अगस्त में बेंगलुरू में एक नया उत्कृष्टता केंद्र खोलने की योजना घोषित की है। यह केंद्र 15,000 सीटों की विशाल क्षमता वाला होगा और भारत में बढ़ती कारोबारी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। इसके जरिए कंपनी भारत में अपनी पहचान मजबूत करना चाहती है। एसएपी के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और कंपनी के उत्पाद एवं इंजीनियरिंग प्रमुख ने बताया कि नया केंद्र एसएपी सफायर 2025 के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से कंपनी भारत में एक बड़े उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने जा रही है। नया केंद्र भारत के पोष्य बेंगलुरू के देवनहल्ली में लगेगा और एसएपी लैब्स इंडिया के दूसरे परिसर के रूप में कार्य करेगा। एसएपी लैब्स इंडिया में अब 15,000 अतिरिक्त लोग काम करेंगे। मुख्य रूप से व्यापारिक क्षेत्रों में काम करने वाली एसएपी लैब्स इंडिया ने बताया कि उन्हें भारत के बढ़ते बाजार में अपना प्रभाव बढ़ाना है। वह कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे हैं और इस नए केंद्र से उनकी मौजूदगी मजबूत होगी।

## भारत-अमेरिका के बीच हो सकता है 8 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौता

**भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग**

**नई दिल्ली।**

भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच 8 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते का ऐलान होने की उम्मीद है। दोनों देश व्यापारिक तनाव कम करने के लिए ट्रेड डील पर चर्चा कर रहे हैं। भारत सरकार अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि भारत सरकार, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है. दरअसल, अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था, जो 9 जुलाई तक प्रभावी है. हालांकि, आधारभूत 10 प्रतिशत टैरिफ अभी भी लागू है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष हावर्ड लुटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के चरण पर चर्चा करने के लिए वहां थे। भारत की यह ट्रेड डील कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए है, साथ ही कपड़ा, चमड़ा, और लेबर–गहन उद्योगों को भी टैरिफ राहत की मांग है। अमेरिकी प्रशासन को यूएस कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता है अमेरिकी नीचे टैरिफ को कम करने के लिए, लेकिन वह पारस्परिक टैरिफ को हटा सकता है। उम्मीद है कि दोनों देश 8 जुलाई से पहले एक सकारात्मक अंतरिम डील पर सहमत होंगे।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 644 , निफ्टी 203 अंक गिरा

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी नीचे आकर 80,951.99 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 203.75 अंक तकरीबन 0.82फीसदी नीचे आकर 24,609.70 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। आज सेंसेक्स के ज्यादातर स्टॉक्स नीचे आये। सेंसेक्स की 30 में से केवल 4 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये। वहीं 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि एक कंपनी के शेयर में बदलाव नहीं रहा। दूसरी ओर निफ्टी की केवल 11 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। इसके अलावा 39 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी 2.27 फीसदी की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, आईटीसी, बजाज फिनसर्व के शेयर भी गिरे।

इनके अलावा, आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल आईटीसी , बजाज फिनसर्व , पावरग्रिड मारुति सुजुकी ,हिंदुस्तान यूनिलीवर ,नेस्ले इंडिया , एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज , टीसीएस , इंफोसिस ,टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए जबकि भारती एयरटेल अल्ट्राटेक सीमेंट , एटरनल (जोमेटो) के शेयर तेजी के साथ बंद हुए।




इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफ़सी और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में गिरावट ने बाजार को नीचे खींचा। सेंसेक्स 270 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,323 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी गिरावट के साथ 24,733.95 अंक पर खुला। बाद में इसमें गिरावट बढ़ गई और यह 270.55 अंक गिरकर 24,542.90 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट आई। यह वॉल स्ट्रीट में कमजोरी के चलते आई। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.5 फीसदी नीचे था, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.3फीसदी गिरावट में था। कोस्पी में 0.59 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.36 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिकी इक्विटी बाजार में बुधवार को बिकवाली के सेंटीमेंट्स ने भारी नुकसान पहुंचाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.91 फीसदी की गिरावट आई। एसएंडपी 500 में 1.61 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 1.41 फीसदी की गिरावट आई।

## सोना 96,200 रुपए प्र ति 10 ग्राम, चांदी 100,000 के करीब

**मुंबई।**

सोने-चांदी के वायदा भाव गुरुवार को तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 96,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 99,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। गुरुवार को सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 615 रुपये की तेजी के साथ 96,214 रुपये के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 95,599 रुपये था। इस समय यह 617 रुपये की तेजी के साथ 96,216 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 535 रुपये की तेजी के साथ 98,780 रुपये पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 98,245 रुपये था। इस समय यह 802 रुपये की तेजी के साथ 99,047 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,318 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछ्ला बंद भाव 3,313.50 डॉलर प्रति औंस था। यह 31.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,345.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछ्ले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर




ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.58 डॉलर के भाव पर खुले, पिछ्ला बंद भाव 33.64 डॉलर था। गुरुवार को यह 0.13 डॉलर की तेजी के साथ 33.77 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## सीसीपीए ने उबर को एडवांस टिप सुविधा पर जारी किया नोटिस

**मंत्री प्रहलाद जोशी ने जताई कड़ी नाराजगी, कहा- यह अनैतिक**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यात्रा सुविधा मुहैया कराने वाली फर्म उबर को उसकी 'एडवांस टिप' सुविधा पर नोटिस जारी किया है। सीसीपीए के क्रियाशील मंत्री प्रहलाद जोशी ने उबर की इस सुविधा को अनैतिक और शोषणकारी बताया है। जोशी ने कहा कि 'एडवांस टिप' सुविधा यात्रा के बाद टिप देने के लिए मजबूर करने की अनैतिक प्रथा है। इसे सराहना के प्रतीक के रूप में देना चाहिए, न कि अधिकार के तौर पर। सीसीपीए ने उबर से स्पष्टीकरण मांगा है और उबर ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया। यह पहली बार नहीं है जब सीसीपीए ने उबर पर नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने जनवरी में भी उबर और ओला को अलग-अलग दरें वसूलने के लिए नोटिस जारी किया था। दोनों कंपनियों ने इसे नकारा और कहा कि वे समान मूल्य निर्धारण नीति का पालन करते हैं। इस साल जनवरी में प्राधिकरण ने कैब एग्रीगेटर उबर और ओला दोनों को कथित तौर पर उनके मोबाइल फोन ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर समान मार्गों के लिए उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरें वसूलने के लिए नोटिस जारी किया था। हालांकि, दोनों प्लेटफार्मों ने ऐसे आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि वे समान मूल्य निर्धारण नीति का पालन करते हैं और आईफोन या एंड्रॉयड फोन का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के बीच कोई अंतर नहीं करते हैं।

## सेबी की चिंताः नकली ऐप्स द्वारा निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जा रहे

### निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी

**नई दिल्ली।**

देश में स्टॉक ब्रोकरों और उनके अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करने वाले नकली ऐप्स और वेबसाइटों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) परेशान है और वह नियमन के दायरे में आने वाली सभी इकाइयों से तुरंत कदम उठाने का आग्रह कर रहा है। मध्यस्थों के साथ हाल ही में एक बैठक में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। नियामक मामलों की चिंता को देखते हुए संबंधित निगरानी टीमें मजबूत कर रही हैं। मामलों में निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जाने की जानकारी संभावित है, लेकिन कुल संख्या और नुकसान के आंकड़े का निर्धारण अभी तक मुश्किल है। उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं है। सेबी ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है और संभावित फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार है। निवेशकों को ऐसे फर्जी पोर्टलों से दूर रहने के लिए सतर्क रहना चाहिए। इस बेहतरीन हालत में उन्हें स्टॉक ब्रोकरों के नाम पर धोखा देने वाले अपराधिक खोज भी करनी चाहिए।

सेबी का कहना है कि ऐसे मामलों में देरी नहीं होनी चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए।



प्राथमिकी दर्ज करने से एक कानूनी प्रक्रिया की शुरुआत दर्ज करने में मदद मिलती है और इसके कारण संभावित रूप से गिरफ्तारी करने या फर्जीवाड़े के नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिल सकती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जांच भी संभावित धोखाधड़ी से बचाने में मदद करती है क्योंकि एजेंसियां इस तरह के फर्जीवाड़े के पैटर्न को जान जाती हैं।

## दिल्ली के बावली बाजार में ड्राई फ्रूट्स महंगे, मांग में कमी

### भारत पाक में जंग का असर, मंडी में ड्राई फ्रूट्स आना बंद



**नई दिल्ली।**

दिल्ली के मशहूर खारी बावली बाजार में भारत–पाक के बीच उमड़े तनाव का सीधा असर दिखाई देने लगा है। यहां पर ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एशिया का सबसे बड़ा मेवा बाजार बावली भी इस संकट से झूझ रहा है। व्यापारियों की मानें तो भारत–पाक तनाव के कारण कई बॉर्डर बंद हो गए हैं, जिसके कारण सीमा पार से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति में कमी आ गई है। जिसकी वजह से ड्राई फ्रूट्स की कीमतें 300 से 400 रुपए तक बढ़ गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस हालत में ड्राई फ्रूट्स की मांग में कमी हो रही है और कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। अगले कुछ हफ्तों में यदि बॉर्डर नहीं खुले तो व्यापारियों को और नुकसान हो सकता है। मार्केट में ग्राहकों की कमी के चलते व्यापारी भी बैठे हुए हैं और माल का व्यवस्थापन मुश्किल हो रहा है। कुछ व्यापारी ने बताया कि अब तक 20 फीसदी तक ड्राई फ्रूट्स की कीमतें बढ़ चुकी हैं, जो कि ग्राहकों के लिए एक मुश्किल स्थिति है। इसी बीच ड्राई फ्रूट्स की मात्रा में भी कमी आ रही है, जिसकी वजह से उपलब्ध माल महंगा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि यह स्थिति अभी दो महीने तक ठहर सकती है।

## हुंडई क्रेटा और ग्रैंड विटारा बनी ग्राहकों पहली पसंद




**नई दिल्ली।**

ऑटोमोबाइल बाजार में मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में हुंडई क्रेटा और मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा सबसे अधिक पसंद की जा रही हैं। क्रेटा की बाजार हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत है, जबकि ग्रैंड विटारा की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत बताई जाती है। अब मारुति सुजुकी इस सेगमेंट में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए एक नई एसयूवी लाने की योजना बना रही है, जिसे लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस नई एसयूवी का कोडनेम वाय 17 रखा गया है। यह कार मारुति की मिड-साइज श्रेणी में आने वाली एक मजबूत दावेदार मानी जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 'एस्कुडो' नाम का ट्रेडमार्क कराया है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी नाम से कार को लॉन्च किया जा सकता है। यह एसयूवी न केवल पारंपरिक पेट्रोल इंजन के साथ आएगी, बल्कि इसमें हाइब्रिड पावरट्रेन का विकल्प भी मौजूद रहेगा। ग्रैंड विटारा की तरह इसमें 1.5-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलने की उम्मीद है, जो 103.6बीएचपी की पावर और 139 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा। साथ ही, कार में मैनुअल, ऑटोमैटिक और ई-सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प भी दिए जाएंगे। मारुति की यह नई पेशकश सीधे तौर पर हुंडई क्रेटा, ग्रैंड विटारा और किआ सेल्टोस जैसे मॉडलों को चुनौती देगी। मालूम हो कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है। ग्राहकों के रुझान को देखते हुए कंपनियां इस श्रेणी में अपने उत्पादों को लगातार उतार रही हैं।

## भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद

### निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की मांग तेज


**नई दिल्ली।**

भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। गेहूं के लिए सबसे जरूरी समय यानी अनाज भरने के दौरान मौसम अच्छा रहा। इससे फसल की पैदावार बेहतर हो गई है।

भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के अे धिकारी ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहा और ना ही ओलावृष्टि या किसी बड़ी फसल वाली बीमारी की कोई खबर आई। इसके साथ ही जलवायु को सहने वाले और ज्यादा उपज देने वाले बीजों के इस्तेमाल ने भी उत्पादकता बढ़ाने में मदद की। अब जब फसल अच्छी हो रही है, तो आटा मिल मालिकों ने सरकार से गेहूं उत्पादों के निर्यात पर लगी पाबंदी हटाने की मांग की है। उनका कहना है ` कि सरकारी गोदाम भरे पड़े हैं और निजी व्यापारियों के पास भी पर्याप्त स्टॉक है।

ऐसे में सरकार को गेहूं उत्पादों के निर्यात की इजाजत देनी चाहिए। देशभर में अब गेहूं की कटाई अंतिम चरण में है। अमेरिकी कृषि विभाग का अनुमान है कि भारत में गेहूं का उत्पादन इस साल 117 मिलियन टन तक पहुंच सकता है, जो अब तक का रिकॉर्ड होगा।

इससे देश के पास सीजन के अंत में पिछले चार सालों में सबसे ज्यादा गेहूं स्टॉक रहेगा। भारत में अगर गेहूं का उत्पादन बढ़ा और सरकार ने निर्यात की इजाजत दी, तो इसका असर दुनिया भर में गेहूं की कीमतों पर पड़ सकता है। खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सरकार की एजेंसी 'भारतीय खाद्य निगम' ने अब तक 29.6 मिलियन टन गेहूं खरीद लिया है, जो पिछले साल से 14 फीसदी ज्यादा है। इस बार कुल सरकारी खरीद 32.5 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जो 22 फीसदी की बढ़त होगी। जोशी ने कहा कि जब सरकार की खरीद पूरी हो जाएगी, तो खाद्य मंत्रालय दूसरे विभागों से मिलकर देश की जरूरतों का आकलन करेगा और उसके बाद यह तय किया जाएगां।




# सिद्धार्थ मल्होत्रा-तमन्ना भाटिया की वीवन की रिलीज डेट आई सामने

पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' उर्फ वीवन की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। हाल ही में मेकर्स ने वीवन का टीजर रिलीज किया था, जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट के चेहरे नहीं बल्कि उनके नाम जरूर जाहिर किए थे। वहीं आज रिलीज डेट के सामने आने से फैंस बेहद खुश हैं।

## वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की रिलीज डेट

बाला जी मोशन पिक्चर्स ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट'की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस पोस्ट के साथ पोस्टर वही पुराना है, लेकिन कैप्शन नया है। कैप्शन में लिखा- जंगल फुसफुसा रहा है। 15 मई, 2026 को बल का प्रदर्शन किया जाएगा! बड़े परदे पर रोमांच के लिए तैयार हो जाइए! आगे फिल्म की स्टार कास्ट और बाकी जानकारी देते हुए लिखा है- अभिनीत सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया। फिल्म के निर्देशक अरुणभ कुमार और दीपक मिश्रा करेंगे। यह फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। VVAN- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट 15 मई, 2026 को रिलीज होगी।

## फिल्म का टीजर

हाल ही में एकता कपूर की प्रोडक्शन कंपनी बाला जी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर इसका टीजर रिलीज किया था और कैप्शन में लिखा- भारतीय पौराणिक कथाओं और रहस्यवाद पर आधारित, वीवन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट इतिहास और लोककथाओं के पन्नों से सीधे एक कहानी सामने लाता है। आपका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इस शक्तिशाली कथा के लिए — अपने आप में एक ताकत, जो पहले कभी नहीं देखी गई स्क्रीन पर कमान संभालने के लिए तैयार है। बॉलीवुड निर्माता प्रज्ञा कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। वहीं फैंस ने भी कमेंट कर फिल्म के लिए अपनी राय दी है। एक फैन ने लिखा, इसके लिए 1 साल तक इंतजार करना पड़ेगा, एक और फैन ने लिखा, बहुत उत्साहित हूं, एक और फैन ने लिखा, हमें 1 साल इंतजार करना होगा, ठीक है आपके लिए कुछ भी, एक और फैन ने लिखा, इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं इस हॉरर फिल्म का और सिद्धार्थ और तमन्ना की केमिस्ट्री का इंतजार कर रहा हूं।



# जब निर्देशक ने हुमा से कहा कम उम्र वाले किरदार करो

**अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने बॉलीवुड में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर खुलकर अपनी बात रखी है। हुमा ने चुनौतियों के बावजूद अपने करियर को अपनी शर्तों पर आगे बढ़ाने के अपने फैसले पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड में हमेशा से एक गेटकीपिंग रही है, और यह किसी एक व्यक्ति या एजेंसी से नहीं आती। यह गेटकीपिंग सामूहिक रूप है।**

## मायूस नहीं हैं हुमा

बातचीत में हुमा ने कहा बॉलीवुड में एक बाहरी और एक महिला के तौर पर मेरा करियर बहुत आसान नहीं रहा है। आज के दिन भी कई कमरे हैं, जहां तक मेरी पहुंच नहीं है। कई रोल्स हैं जो मैं निभा सकती हूं लेकिन लोग मुझे नहीं बुलाते। तो मैं क्या करती हूं? क्या मैं घर पर बैठ कर रोती हूं और ये कहती हूं कि मुझे मौका नहीं मिला? क्या मैं इसका रोना रोती हूं?

## कम उम्र का किरदार निभाने पर दबाव

हुमा कुरैशी ने एक कास्टिंग डायरेक्टर से जुड़ी घटना का जिक्र किया जिसने उन्हें बड़ी महिलाओं के किरदान निभाने से मना किया औ इसके बजाए युवा किरदार निभाने का आग्रह किया। हुमा कुरैशी ने बताया महारानी और तरला की कामयाबी के बाद, एक कास्टिंग डायरेक्टर ने मुझे फोन करके कहा आप बहुत खूबसूरत महिला हैं। आप इन किरदारों को निभाकर खुद को बूढ़ा क्यों दिखा रही हो? ऐसे बहुत से दूसरे निर्माता हैं जो आपके साथ काम करना चाहते हैं। कम उम्र के किरदार निभान की कोशिश करें। हुमा ने आगे कहा मैंने सोचा कम उम्र के किरदार निभाने का बोझ हमेशा लड़कियों पर ही क्यों पड़ता है? हमसे क्यों उम्मीद क्यों की जाती है कि हम अपनी उम्र से कम उम्र की दिखने की कोशिश करें?

## हुमा कुरैशी की लोगों को सलाह

हुमा ने आगे कहा मैंने पेड़ों के पास नाचने गाने का अपना काम किया है, लेकिन अगर कोई बढ़िया स्क्रिप्ट मेरे पास आती है, तो क्या मुझे सिर्फ इसलिए मना कर देना चाहिए क्योंकि मैं अपने से कुछ साल बड़े किसी किरदार को निभाने से डरती हूं? कुरैशी ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं या तो कॉस्मेटिक सर्जरी करवा सकती हैं और किरदार के लिए इंतजार कर सकती हैं या अच्छी स्क्रिप्ट पेश करने वाले फिल्म निर्माताओं के साथ सक्रिय रुप से सहयोग का विकल्प चुन सकती हैं।

## स्पेशल ऑप्स 2 में फिर हिम्मत सिंह का रोल प्ले करेंगे केके मेनन



नी रज पांडे की पॉपुलर स्पाई सीरीज स्पेशल ऑप्स का दूसरा सीजन वापसी करने वाला है। इस सीरीज का टीजर रिलीज किया गया। केके मेनन एक बार फिर से हिम्मत सिंह का रोल इस सीरीज में निभाएंगे। हिम्मत सिंह की टीम में भी पुराने लोग ही नजर आएंगे, जो इंटरनेशनल लेवल पर फैल चुके आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे। इस बार सीरीज में प्रकाश राज की एंट्री भी हुई। उन्हें टीजर में देखकर विलेन वाली फीलिंग आती है। लेकिन अभी स्पष्ट नहीं है कि उनका किरदार किस तरह का होगा। दर्शक इस बार इस सीरीज को जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज डेट की अभी घोषणा नहीं की गई लेकिन जल्द ही मेकर्स इसकी जानकारी भी देंगे।



# शादी के बाद भी साथ नहीं रहते सुरभि ज्योति और सुमित सूरी? एक्ट्रेस ने बताई वजह

टीवी की दुनिया की जानी मानी अभिनेत्री सुरभि ज्योति ने हाल ही में अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर एक खुलासा किया है। पिछले साल ही दोनों शादी के बंधन में बंधे थे। अभिनेत्री ने बताया कि दोनों पति-पत्नी घर में अभिनेत्री सुरभि ज्योति न इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें और उनके पति सुमित को वर्क फ्राम होम करना पड़ता है, इसलिए वो अलग-अलग कमरे में रहते हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'सुमित घर से काम करता है और मैं भी घर से ही काम करती हूं, जब मेरी शूटिंग नहीं होती है। हमें बाहर जाने का कोई शौक नहीं है, हम घर पर रहकर बहुत खुश हैं। हमारे घर में, हमारे पास पसंद के अलग-अलग कमरे हैं।'

## क्यों रहते हैं दोनों अलग?

सुरभि ज्योति ने आगे बात करते हुए बताया कि वह दोनों क्यों अलग रहते हैं। उन्होंने कहा, 'ये इसलिए है क्योंकि सुमित अपनी जिंदगी में ज्यादातर समय पर अकेला ही रहा है। मेरे साथ भी ऐसा ही है, यह हम दोनों का आपसी फैसला था। यह तोड़ा अजीब है, लेकिन ऐसा होता है।' साथ ही उन्होंने बताया, 'मेरी अपनी अलमारी, अपना वार्डरोब, अपना बाथरूम और मेरी अपनी जगह है। कभी-कभी वह अपने कमरे में होता है, तो कभी मैं अपने कमरे में। फिर भी, हम साथ हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हम एक ही सोच रखते थे। मैं यह नहीं कह रही हूं कि यह एकमात्र तरीका है जिससे आप एक-दूसरे को स्पेस दे सकते हैं, लेकिन हां। हम ऐसा ही कर रहे हैं।



# 'द रॉयल्स' में ट्रोल हुईं भूमि ने दिया था करारा जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपने नए शो 'द रॉयल्स' को लेकर चर्चा में हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस वेब सीरीज को दर्शकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है और अब सोशल मीडिया पर इस शो को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं। भूमि इन दिनों अपने लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में हैं। खासकर भूमि की लिप्स को लेकर लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं। अब इस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया है।

## भूमि के होंठों पर यूजर्स ने किया कमेंट

शो 'द रॉयल्स' में भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की जोड़ी को लेकर यूजर्स का कहना है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री की कमी है और स्क्रीनप्ले काफी कमजोर और सतही है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यहां तक लिख दिया, 'भूमि के होंठ इस शो में उनसे ज्यादा एक्टिंग कर रहे हैं।' वहीं एक दूसरे ने तंज कसते हुए कहा, 'लगता है उनके होंठों की स्क्रीन प्रेजेंस भूमि से भी ज्यादा है।'

## भूमि का पुराना इंटरव्यू हो रहा वायरल

इस बढ़ते विवाद के बीच भूमि का रेडिट पर एक पुराना वीडियो फिर से वायरल हो गया है। यह वीडियो साल 2017 के एक इंटरव्यू का है, जहां भूमि के साथ राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने अपने लुक्स को लेकर होने वाली आलोचना पर खुलकर बात की थी।

## भूमि ने ट्रोल्स को दिया था करारा जवाब

भूमि ने इस इंटरव्यू में कहा था, 'एक बार किसी ने मुझे कहा था कि मेरे होंठ बहुत बड़े हैं। मैंने कहा, इसमें दिक्कत क्या है? लोग लाखों रुपए खर्च करते हैं ऐसे लुक्स पाने के लिए।' उन्होंने इसके साथ ही यह भी जोड़ा कि लोग कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन हमें खुद को लेकर कॉन्फिडेंट रहना चाहिए। इसी इंटरव्यू में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना ने भी शेयर किया था कि करियर की शुरुआत में उन्हें भी लुक्स को लेकर लोगों की काफी बातें सुननी पड़ी थीं।

## नेटफ्लिक्स के शो 'द रॉयल्स' के बारे में

नेटफ्लिक्स पर 9 मई को रिलीज हुई 'द रॉयल्स' सीरीज में ईशान-भूमि के अलावा जीनत अमान, नोरा फतेही, चंकी पांडे, साक्षी तंवर, डिनो मोरिया और मिलिंद सोमन जैसे बड़े कलाकार भी देखने को मिल रहे हैं।



# बाबिल खान ने करियर से लिया ब्रेक

कुछ समय पहले ही बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो रोते-बिलखते फिल्म इंडस्ट्री को अपशब्द कह रहे थे। इसके कुछ देर बाद बाबिल की टीम ने सफाई दी थी कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया है। इस पर फिल्ममेकर साई राजेश भड़क गए। उन्होंने बाबिल को फटकार लगाई, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। अब विवादों के बीच बाबिल ने अनाउंस कर दिया है कि वो फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने साई राजेश की फिल्म भी छोड़ दी है। बाबिल खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म से हटने पर कहा है, काफी हिम्मत, जुनून और आपसी सम्मान के साथ मैंने और साई राजेश सर ने इस जादुई यात्रा में कदम रखा था। दुर्भाग्य से अलग तरह की स्थिति पैदा होने के चलते चीजें वैसी नहीं हुईं, जैसा सभी ने प्लान किया था। क्योंकि मैं कुछ समय का ब्रेक ले रहा हूं, इसलिए मैं साई राजेश सर और उनकी टीम को इस सफर के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं जानता हूं कि हमारे बीच बहुत प्यार है और हम भविष्य में जल्द ही मिलेंगे और मैजिक क्रिएट करेंगे।

वहीं दूसरी तरफ साई राजेश ने भी बाबिल के फिल्म से हटने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। उन्होंने लिखा है, मैं जितने भी एक्टर्स से मिला हूं, बाबिल उनमें से सबसे हार्डवर्किंग और टैलेंटेड एक्टर हैं, लेकिन मुझे रियलिटी की ये दुर्भाग्य बात को अपनाना ही होगा। फिल्म की तैयारी के दौरान बाबिल के साथ समय बिताने का मौका मिला, इतने टेलेंटेंड एक्टर के साथ काम करके बहुत खुश था। मैं हमेशा उन्हें अपने सामने परफॉर्म करते हुए देखने के एक्सपीरियंस को संजो कर रखूंगा। मुझे अपने हीरो की याद आएगी। मैं खुद की देखभाल करने के लिए उनके फैसले का सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ढेर सारा प्यार भेजता हूं। मुझे पता है कि हम दोनों मिलकर वो जादू जरूर बनाएंगे।

## सरेआम हुई थी बाबिल-साई राजेश की बहस

दरअसल कुछ समय पहले ही बाबिल का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो बुरी तरह रोते हुए फिल्म इंडस्ट्री के लिए अपशब्द कह रहे थे। इसके बाद उनकी टीम की तरफ से स्टेटमेंट जारी कर बताया गया था कि बाबिल तारीफ कर रहे थे, लेकिन उनके शब्दों को गलत तरह लिया जा रहा है। इस स्टेटमेंट के बाद साई राजेश ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, क्या आपको लगता है कि हम इतने भोले हैं कि चुपचाप निकल जाएंगे। हमारे साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि जिन लोगों के नाम आपने वीडियो में लिए हैं, वहीं बस इज्जत के हकदार हैं और बाकी हम सब मूर्ख हैं, जो आपके बुरे समय में आपके साथ खड़े रहे। सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने आपके लिए पोस्ट की, इसलिए आप उन्हें वैल्यू दे रहे हैं और बाकी सबको इग्नोर कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो हम भी माफी के हकदार हैं। फिल्ममेकर के बयान पर बाबिल ने कमेंट कर लिखा, इस बात का जिक्र नहीं करना चाहिए कि मैंने अपनी आत्मा को कितना दर्द और पीड़ा में डाला, गंदगी में जीया, सिर्फ ये सुनिश्चित करने के लिए कि सर साई राजेश किरदार से खुश हैं। लेकिन अब ठीक है। अब मेरा काम बात करेगा। अलविदा। मेरी दाढ़ी में कीड़े थे, क्योंकि आपको वो किरदार ऐसा ही चाहिए थे। मैंने खुद आंसू लेकर उन्हें खुशी दी। मैंने उनके लिए कलाई तक काट ली।

## वायरल हुआ बाबिल का वीडियो, बॉलीवुड को कहे अपशद

कुछ समय पहले बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री के लिए अपशब्द कहे। उन्होंने कहा, बॉलीवुड बहुत रूड है। बॉलीवुड सबसे सबसे ज्यादा फेक है। सबसे फेक इंडस्ट्री जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। यहां कुछ लोग हैं जो बॉलीवुड को बेहतर बनाना चाहते हैं। मैं आपको बहुत कुछ दिखाना चाहता हूं। बहुत कुछ। मेरे पास आपको देने के लिए बहुत कुछ है। ये कहते ही बाबिल फूट-फूटकर रोने लगे। रेडिट में पोस्ट किए गए इन वीडियोज के साथ दावा किया जा रहा है कि बाबिल ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए थे। हालांकि कुछ ही देर बाद ये वीडियो हटा दिए गए। इसी के साथ बाबिल का इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिया गया था। हालांकि रविवार शाम को उन्होंने इंस्टाग्राम पर वापसी कर दोबारा पोस्ट करना शुरू कर दिया है।

## परिवार ने जारी किया था ऑफिशियल स्टेटमेंट

वीडियो वायरल होने के बाद बाबिल खान की टीम और परिवार की तरफ से एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया गया है। स्टेटमेंट में कहा गया है, बाबिल मेंटल हेल्थ पर खुलकर बात करते रहते हैं। उन्हें भी कभी बुरा महसूस करने की आजादी है, ये भी उनका बुरा दिन था। हम सबको तसल्ली देना चाहते हैं वो अब सेफ हैं और जल्द ठीक हो जाएंगे। साथ ही स्टेटमेंट में कहा गया है कि बाबिल ने इंडस्ट्री या अर्जुन कपूर-अनन्या पांडे के लिए अपशब्द नहीं कहे, बल्कि वो उनकी तारीफ कर रहे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in